संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज    समूह संपादक : रवि भारद्वाज    ऊना, मंगलवार, 21 मार्च 2023 ₹ 2    www.actionindialive.com    facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्षः 12 अंकः 78 पृष्ठः 12    RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com    हिमाचल संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



दिल्ली के रामलीला मैदान में सोमवार को संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) की ओर से बुलाई गई महापंचायत में पहुंचे किसान नेता।

## 'अमृतपाल के आईएसआई से संबंध के सबूत मिले'

### अमृतपाल सिंह अभी भी फरार, पांच साथियों पर लगा एनएसए, विदेश से हुई फंडिंग, अमृतपाल सिंह के खिलाफ कार्रवाई में अब तक 114 लोगों को पकड़ा जा चुका हैः पंजाब पुलिस

**टीम एक्श इंडिया/चंडीगढ़**
**कट्टरपंथी** अमृतपाल के खिलाफ पंजाब पुलिस का एक्शन जारी है। प्रदेशभर में पुलिस का पहरा है। कई जिलों में धारा-144 लागू है। मोबाइल इंटरनेट और एसएमएस सेवा ठप है। मगर अमृतपाल का अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। इस बीच पंजाब पुलिस ने प्रेसवार्ता कर कुछ अहम जानकारी दी है। पंजाब पुलिस के आईजी सुखचैन सिंह गिल ने सोमवार को बताया कि अमृतपाल सिंह के खिलाफ कार्रवाई में अब तक 114 लोगों को पकड़ा जा चुका है। इनमें चार लोगों को असम के डिब्रूगढ़ जेल भेजा गया है। वहीं अमृतपाल के चाचा को डिब्रूगढ़ ले जाया जा रहा है।

डिब्रूगढ़ भेजे गए सभी लोगों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य में शांति का माहौल है। स्थिति भी स्थिर है। कानून-व्यवस्था की कोई चुनौती नहीं है। 'वारिस पंजाब दे' के कुछ तत्वों के खिलाफ विशेष कार्रवाई की गई। इनके खिलाफ छह आपराधिक मामले दर्ज हैं। वारिस पंजाब दे का प्रमुख अमृतपाल सिंह अभी भी फरार है।





### विदेशी फंडिंग के सबूत मिलेः आईजी सुखचैन

**आईजी** ने कहा कि हमें विदेशी फंडिंग का भी संदेह है। हालात को देखकर ऐसा लगता है कि इसमें आईएसआई शामिल है और विदेशी फंडिंग भी गई है। अमृतपाल ने आनंदपुर खालसा फौज (एकेएफ) नाम से एक संगठन बनाने की कोशिश की। उसके घर के दरवाजे पर भी एकेएफ लिखा है। चार लोगों को असम के डिब्रूगढ़ भेज दिया गया। इनमें दलजीत कलसी, बसंत सिंह, गुरमीत सिंह भुखनवाला और भगवंत सिंह का नाम शामिल है।

### कनाडा में बैठे नेता दे रहे अमृतपाल मामले को हवा!

**टीम एक्शन इंडिया/कनाडा:** कनाडा में बैठे हुए वहां के सांसद पूर्व मंत्री और स्थानीय नेताओं समेत कई सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग पंजाब में अमृतपाल सिंह के मामले में खाद-पानी दे रहे हैं। खुफिया एजेंसियों को मिली जानकारी के मुताबिक, कनाडा और अमेरिका में बैठे लोगों ने न सिर्फ टूल किट के माध्यम से अभियान चलाया, बल्कि अमृतपाल मामले को ऑपरेशन ब्लू स्टार जैसी बड़ी घटना से भी जोड़कर माहौल को हवा देने की कोशिश भी कर रहे हैं।

### खालसा एड का नाम भी सामने आया

**केंद्रीय** खुफिया एजेंसियों से मिली जानकारी के मुताबिक, अमृतपाल मामले में दुनिया भर के अलग-अलग देशों से पंजाब में अस्थिरता बनाने के लिए माहौल खराब किया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, कनाडा के कई संगठन और कुछ नेताओं की ओर से पंजाब में बंद की गई इंटरनेट सेवाएं और धारा 144 को लगाए जाने पर न सिर्फ ट्वीट किए गए बल्कि उन ट्वीट की भाषा देश में माहौल खराब करने जैसी ही मिली। सुरक्षा एजेंसियों के पास पहुंचे इनपुट के मुताबिक कनाडा के नेता जगमीत सिंह ने पंजाब में बंद की गई इंटरनेट सुविधाओं पर ट्वीट किया है। उनके ट्वीट में इस बात का जिक्र है कि इंटरनेट ब्लैकआउट करके भारत ने लोगों की इंटरनेट स्वतंत्रता को रोक दिया है। इसके अलावा उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम को 1984 में हुए सिख दंगों से भी जोड़ा है। खुफिया सूत्रों के मुताबिक जगमीत सिंह ही नहीं बल्कि कनाडा से खालसा एड नाम की संस्था चला रहे जिंदी सिंह ने भी ट्वीट करके सिख युवाओं को भड़काने का काम किया है।

## छठे दिन भी नहीं चली संसद

### व्यवधान के चलते दोनों सदनों की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**लोकसभा** और राज्यसभा में (सोमवार) छठे दिन भी कार्यवाही बाधित रही। दोनों सदनों की कार्यवाही पहले दो बजे और बाद में दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। दोनों सदनों में अडाणी मुद्दे को लेकर विपक्ष सरकार पर हमलावर रहा। लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी सदस्यों से कहा कि अगर वे सदन को चलाने देने के पक्ष में हैं तो तख्तियां लेकर प्रदर्शन क्यों कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सदन को चलने देना चाहिए और पक्ष-विपक्ष को उनके चेंबर में आकर चर्चा कर समाधान निकालना चाहिए। सदन की कार्यवाही पहले 2 बजे तक के लिए स्थगित हुई और बाद में दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि उन्हें स्थगन के 14 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं जिसमें से 9 कांग्रेस के हैं। उन्होंने सदन की जैसे ही कार्यवाही आगे चलानी चाही विपक्ष ने हंगामा किया। इसके बाद सदन की कार्यवाही को अपराह्न 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। बाद में उप सभापति ने दोपहर में कार्यवाही चलानी चाहिए लेकिन हंगामा होते देख उसे दिनभर के लिए स्थगित कर दिया।

### 'जानबूझकर संसद की कार्यवाही बाधित कर रहा है सत्ता पक्ष'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** ने आरोप लगाया है कि सत्ता पक्ष संसद को चलने नहीं दे रही है। यह सरकार विपक्ष के किसी सवाल का जवाब देना नहीं चाहती है। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद व सदन के उपनेता प्रतिपक्ष प्रमोद तिवारी ने सोमवार को संसद भवन परिसर में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि 13 मार्च से सत्तापक्ष संसद को चलने नहीं दे रही है। यह सब पीएम मोदी के इशारे पर हो रहा है।

## राहुल गांधी को हीरो बना रही भाजपाः ममता



**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
**पश्चिम** बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने भाजपा पर आरोप लगाया कि राहुल गांधी के कैम्ब्रिज में दिए बयान को लेकर संसद की कार्यवाही खुद रोक रही है। बीजेपी जनता के मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी को हीरो बनाने की कोशिश कर रही है। राहुल गांधी विपक्ष के लीडर बने रहे तो नरेंद्र मोदी को कोई टारगेट नहीं कर सकता। ममता के इसी बयान पर सोमवार को कांग्रेस के सांसद अधीर रंजन चौधरी ने तंज कसा है कि ममता ईडी-सीबीआई से बचना चाहती हैं, उनकी कोशिश पीएम मोदी को खुश करना है। अधीर ने यह भी कहा कि ममता बनर्जी ये मोदी के आदेश पर कह रही हैं। ममता बनर्जी और पीएम मोदी में एक करार हुआ है।

## उमेश मर्डरः शूटर के घर पर चला बुलडोजर



**टीम एक्शन इंडिया/प्रयागराज**
**प्रयागराज** में उमेश पाल हत्याकांड के शूटर मोहम्मद गुलाम का घर सोमवार को बुलडोजर से ढहा दिया गया। घर से सटे उसके 10 कमरे वाले लॉज को भी गिराया गया। गुलाम पर 5 लाख रुपए का इनाम है। वह 25 दिन से फरार है। उमेश शूटआउट के समय गुलाम दुकान में सिर पर टोपी पहनकर खड़ा था। उसने दुकान से निकलकर उमेश पर दूसरा फायर किया था। पहला फायर विजय चौधरी उर्फ उस्मान ने किया था। मां बोली- एनकाउंटर हो जाए, तो लाश लेने नहीं आऊंगीः बुलडोजर कार्रवाई के दौरान गुलाम की मां खुशनुदा ने कहा, "जिसकी उसने (बेटे ने) हत्या की है वह भी किसी का बेटा था। अगर पुलिस मेरे बेटे का एनकाउंटर कर दे, तो मैं उसकी लाश लेने नहीं आऊंगी। मुझे बहुत अफसोस है कि उमेश पाल हत्याकांड में मेरे बेटे का नाम आया है।"

## अमृता को ब्लैकमेल करने वाली डिजाइनर का पिता गिरफ्तार

**मुंबईः** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस को रिश्वत देने और ब्लैकमेल करने वाली डिजाइनर के पिता अनिल जयसिंघानी को गिरफ्तारी कर लिया गया है। मुंबई पुलिस ने अनिल को सोमवार को गुजरात से गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच अधिकारी ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि अनिल पर पहले से 14 से 15 मामले लंबित हैं। हालांकि मामले में अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस ने 16 मार्च को डिजाइनर अनिक्षा जयसिंघानी को गिरफ्तार कर लिया था।

## कृषि मंत्री से मीटिंग के बाद किसानों की महापंचायत खत्म

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के रामलीला मैदान में सोमवार को संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) की ओर से बुलाई गई महापंचायत खत्म हो गई है। दोपहर को मोर्चे के 15 सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल ने कृषि भवन में कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर से मुलाकात की। यहां किसानों ने कृषि मंत्री को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), कर्ज माफी जैसी मांगों का पत्र सौंपा। एसकेएम ने कहा कि अगर सरकार ने उनकी मांगें नहीं मानीं तो उन्हें फिर आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उधर, एसकेएम ने 30 अप्रैल को दिल्ली में एक और बैठक बुलाई है।

**कृषि कानून के विरोध में हुए आंदोलन से बड़े आंदोलन की चेतावनी दीः** किसान नेता दर्शन पाल ने महापंचायत में किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि अभी कई मुद्दे हैं, जिनका समाधान निकाला जाना बाकी है।

### आंदोलन की चेतावनी

= किसानों ने कृषि मंत्री को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), कर्ज माफी जैसी मांगों का पत्र सौंपा

## 1,000 खेलो इंडिया केंद्र खोलने की बन रही है योजनाः अनुराग



**टीम एक्शन इंडिया/नागपुर**
**खेल** मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि केंद्र सरकार 15 अगस्त तक 1,000 खेलो इंडिया केंद्र खोलने की योजना बना रही है। भंडारा जाते समय ठाकुर ने रविवार को नागपुर में प्रेस से मुलाकात की और कहा, केंद्र सरकार 15 अगस्त तक 1,000 खेलो इंडिया केंद्र खोलने की योजना बना रही है। हमारा लक्ष्य प्रत्येक जिले में कम से कम एक खेलो इंडिया केंद्र शुरू करना है। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार का ध्यान खेलों को बढ़ावा देने पर है। 2014 में 900 करोड़ का खेल बजट बढ़कर 3,397 करोड़ हो गया। यहां तक कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स (केआईवाईजी) की पंचवर्षीय योजना को और पांच साल के लिए बढ़ा दिया गया है। जमीनी स्तर पर खेलों को बढ़ावा देने पर ठाकुर ने कहा, सरकार टॉप्स योजना के जरिए देश के एलीट एथलीटों को सब कुछ मुहैया करा रही है।

## ओआरओपी एरियर का जल्द भुगतान करे केंद्र सरकारः सुप्रीम कोर्ट



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम कोर्ट** ने सोमवार को केंद्र सरकार को वन रैंक वन पेंशन (ओआरओपी) के तहत एरियर यानी बकाया राशि का भुगतान करने के लिए निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने बकाये के भुगतान पर बंद लिफाफे में दी गई केंद्र सरकार का नोट स्वीकार करने से मना कर दिया। कोर्ट ने कहा कि इस नोट को दूसरे पक्ष यानी रिटायर्ड सैनिकों के वकील के साथ भी शेयर करना होगा। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला की बेंच ओआरओपी के तहत एरियर्स के बकाया भुगतान के लिए इंडियन एक्स-सर्विसमेन मूवमेंट की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। बेंच ने कहा, 'हमें सुप्रीम कोर्ट में इस बंद लिफाफे वाले चलन को बंद करना होगा। ये मूलरूप से निष्पक्ष न्याय प्रक्रिया की व्यवस्था के खिलाफ हैं।' चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा, 'मैं निजी तौर पर बंद लिफाफों के चलन के खिलाफ हूं। कोर्ट में पारदर्शिता होनी चाहिए। ये आदेशों को लागू करने के बारे में हैं। इसमें गोपनीय क्या हो सकता है।' कोर्ट ने कहा है कि योग्य फैमिली पेंशनर्स और गैलेंट्री अवॉर्ड विजेताओं को 30 अप्रैल, 2023 तक एरियर का भुगतान करें।

## जापानी पीएम ने मोदी को जी-7 समिट में बुलाया

### प्रधानमंत्री मोदी ने न्योता स्वीकारा, गिफ्ट में चंदन से बनी बुद्ध की मूर्ति दी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जापान** के प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा 2 दिन के भारत दौरे पर नई दिल्ली पहुंचे। यहां उन्होंने राजघाट पहुंच कर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद हैदराबाद हाउस में किशिदा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। दोनों लीडर्स के बीच डेलिगेशन लेवल की बातचीत हुई। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम किशिदा को चंदन से बनी बुद्ध की प्रतिमा गिफ्ट में दी। जापानी प्रधानमंत्री किशिदा ने कहा- मैंने आज पीएम मोदी को हिरोशिमा में होने वाले जी-7 समिट के लिए न्योता दिया और उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया है। मैं भारत की धरती से आजाद इंडो-पैसिफिक को लेकर अपना विजन साझा करूंगा। वहीं पीएम मोदी ने कहा- मैं पीएम किशिदा का भारत में स्वागत करता हूं। मेरी उनसे पिछले एक साल में कई बार मुलाकात हुई है। इस दौरान मुझे हमेशा दोनों देशों के बीच संबंध को लेकर पॉजिटिविटी महसूस हुई।

## लिव-इन का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य करने वाली याचिका खारिज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
सुप्रीम कोर्ट ने लिव-इन रिलेशनशिप के रजिस्ट्रेशन की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने इसे अव्यवहारिक बताया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि यह कैसी याचिका है? किसी भी तरह की याचिका दायर की जा रही है। हम ऐसी याचिकाओं पर जुर्माना लगाना शुरू कर देंगे।





**दिया जवाब** प्रदेश सरकार राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री बढ़ाने के लिए प्रयासरत हैः उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री

## ई वाहनों की बिक्री के लिए फिलहाल कोई प्रोत्साहन योजना नहींः अग्निहोत्री



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
**उप** मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश सरकार राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री बढ़ाने के लिए प्रयासरत है ताकि प्रदेश में ऐसे वाहनों के लिए एक ईको सिस्टम बनाया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि फिलहाल राज्य सरकार की ओर से इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री बढ़ाने अथवा ऐसे वाहनों के लिए पब्लिक चार्जिंग प्वाइंट लगाने के लिए कोई प्रोत्साहन योजना नहीं है। मुकेश अग्निहोत्री सोमवार को विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान विधायक चैतन्य शर्मा द्वारा पूछे गए एक सवाल का जवाब दे रहे थे। अग्निहोत्री ने कहा कि परिवहन विभाग ने राज्य में उच्च मार्गों पर इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग का आधारभूत ढांचा स्थापित करने के लिए 208 स्थानों का चयन किया है। बाद में ऐसे चार्जिंग प्वाइंट की संख्या बढ़ाकर 400 तक की जाएगी। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए राज्य में ईको सिस्टम तैयार करने के लिए सरकार और अधिक जमीन सरकारी विभागों के नाम तब्दील करने की प्रक्रिया में है। विधायक केवल सिंह पठानिया के सवाल के जवाब में मुकेश अग्निहोत्री ने शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के तहत चार पंचायतों हारचक्कियां, लपियाणा, परगौड़ और ठेहड़ की जलशक्ति मंडल ज्वाली द्वारा मध्यम सिंचाई योजना सूखा हार की 223.49 करोड़ रुपए की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की गई है। इसमें ज्वाली विधानसभा क्षेत्र की 17 और देहरा की दो पंचायतें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इसे राज्य स्तरीय योजना स्वीकृति समिति की बैठक में मंजूरी के लिए भेज दिया गया है।

# जयराम ठाकुर ने बजट को बताया खोखला

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/चमन शर्मा**



विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश की सुक्खू सरकार का दो गारंटियां पूरी करते-करते ही दम निकल गया है। ऐसे में 10वीं गारंटी तक पहुंचते.पहुंचते सरकार की बस हो जाएगी।

जयराम ठाकुर ने सोमवार को राज्य के 2023-24 के आम बजट पर विधानसभा में आरंभ हुई चर्चा पर बोलते हुए बजट को पूरी तरह खोखला करार दिया। उन्होंने कहा कि बजट भाषण बजट आंकड़ों से कतई मेल नहीं खाता है और सरकार ने इस बजट के माध्यम से लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष सरकार के जनता को गुमराह करने के प्रयास और जनविरोधी निर्णयों का जमकर विरोध करेगा। उन्होंने यह भी कि सरकार विपक्ष को नजर अंदाज नहीं कर सकती और यदि ऐसा हुआ तो लोग सरकार को नजर अंदाज कर देंगे। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार ने बजट में पूर्व भाजपा सरकार द्वारा आरंभ की गई सभी कल्याणकारी योजनाओं को बजट से बाहर कर दिया है। उन्होंने कहा कि बजट में एक सौ रुपए में से महज 29 रुपए ही विकास के लिए बचे हैं। ऐसे में प्रदेश में विकास की गुंजाइश बहुत कम हो गई हैए जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि सरकार ने विधायकों तक को नहीं बख्शा है और उनकी विधायक क्षेत्र विकास निधि को बंद कर विधायकों को दुबला कर दिया है। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा सैंकड़ों संस्थान बंद करने पर तंज करते हुए कहा कि अब स्थिति यह हो गई है कि प्रदेशभर में लोग बंद-बंद सुनते यह पूछने लगे हैं कि सरकार कब बंद होगी। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार ने बजट में 2.31 लाख महिलाओं को 1500 रुपए मासिक भत्ता देने की घोषणा कर प्रदेश की महिलाओं को ठगा है। उन्होंने कहा कि ये 1500 रुपए भत्ता उन महिलाओं को दिया जाएगाए जो पहले से ही 1000 और 1150 रुपए सामाजिक सुरक्षा पेंशन ले रही हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रतिज्ञा पत्र के अनुसार 18 से 60 वर्ष तक आयु की सभी महिलाओं को यह भत्ता मिलना चाहिए था और इनकी संख्या लगभग 21 लाख है, जिसके लिए सरकार को कम से कम 3600 करोड़ रुपए की जरूरत होगी। जयराम ठाकुर ने सरकार के ग्रीन हिमाचल के कांसेप्ट की सराहना की और कहा कि वास्तव में यह केंद्र सरकार की योजना है और प्रधानमंत्री, वित्त मंत्री और केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री देश को हरित ऊर्जा देश बनाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं ताकि फौसिल फ्यूल पर निर्भरता कम की जा सके। उन्होंने प्रदेश सरकार पर एनपीएस कर्मचारियों को ठगने का आरोप लगाया और कहा कि कर्मचारी पुरानी शर्तों पर पेंशन मांग रहे हैं, जबकि सरकार अपना एसओपी बना रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के समय जहां हर साल औसतन 400 करोड़ रुपए का ऋ ण लिया गया, वहीं, सुक्खू सरकार इस वर्ष लगभग 10 हजार करोड़ रुपए का ऋ ण लेगी।

उन्होंने सरकार पर लोगों को ऋ णों के मामले पर गुमराह करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हिमाचल में अधिकांश विकास योजनाएं केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित हैं। इसके बावजूद केंद्र के आभार के लिए एक भी शब्द नहीं है। उन्होंने कहा कि अगले वित्त वर्ष में हिमाचल को केंद्रीय योजनाओं के तहत 18130 करोड़ रुपए मिलेंगे। जयराम ठाकुर ने सरकार पर बदले की भावना से काम करने का आरोप लगाया और कहा कि संस्थान बंद करने के मामले में सरकार पर सत्ता का सुरूर नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार ने इस प्रथा को बंद कर दिया था, लेकिन मौजूदा सरकार ने इसे फिर से शुरू कर दिया है, जो सही नहीं है। कांग्रेस के राजेंद्र राणा और भाजपा के सुखराम चौधरी ने भी बजट चर्चा में हिस्सा लिया।

**पूर्व सरकार की कोई योजना नहीं की बंद : सुक्खू**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दावा किया कि उनकी सरकार ने पूर्व भाजपा सरकार की किसी भी योजना को बंद नहीं किया है।

# कुराली को हरा कर्मपुर बना क्रिकेट विजेता



**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

यूथ क्लब चक्क के सौजन्य से आयोजित एक दिवसीय क्रिकेट प्रातियोगिता रविवार देर शाम को संपन्न हुई। प्रतियोगिता में चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू भी खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाने खेल मैदान चक्क में पहुंचे और खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। चार-चार ओवर की इस क्रिकेट प्रतियोगिता में कुछ 16 टीमों में भाग लिया।

फाइनल मुकाबला कर्मपुर और कुराली की टीम के बीच खेला किया। मैच में कर्मपुर ने कुराली की टीम को पारजित करके प्रतियोगिता अपनी टीम के नाम की। आयोजन कमेटी ने विजेता रही टीम को 11 हजार रुपए व उपविजेता टीम को 7100 रुपए का नगद पुरुस्कार व आकर्षक ट्राफी से नवाजा।

विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने कहा कि खेल से मनुष्य का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार की प्रतियोगिताएं होने से वहां की प्रतिभाओं को निखरने का अवसर मिलता है। उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत होती है। इस मौके पर उन्होंने अपनी तरफ से आयोजन कमेटी को प्रोत्साहन के रूप में 5100 रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर उनके साथ ब्लाक कांग्रेस चिंतपूर्णी के पूर्व अध्यक्ष मास्टर प्रीतम सिंह जम्वाल, पंचायत समिति सदस्य डॉ. राजपाल शर्मा, यूथ क्लब चक्क के अध्यक्ष दीपू आंगरा, सदस्य उपेन्द्र, अश्वनी, संजीव कुमार, साहिल, वेकू, अतुल कुमार, साहिल ठाकुर, सचिन, रोहित चौधरी व बादल मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### राष्ट्रीय युवा कोर स्वयंसेवक के नामाकंन के लिए आवेदन 24 मार्च तक

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

सामुदायिक सेवा हेतु दो वर्ष के लिए नेहरू युवा केंद्र के माध्यम से नियुक्त होने वाले राष्ट्रीय युवा कोर स्वयंसेवक के लिए 24 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ये आवेदन नेहरू युवा केंद्र की वेबसाइट एनवाईकेएस डॉट एनआईसी डॉट इन पर किए जा सकते हैं। नेहरू युवा केंद्र हमीरपुर ने 18 से 29 वर्ष तक के युवाओं से आमंत्रित किए आवेदन नेहरू युवा केंद्र हमीरपुर की जिला युवा अधिकारी दीपमाला ठाकुर ने बताया कि आवेदक की उम्र एक अप्रैल 2023 को 18 वर्ष से कम तथा 29 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। वह कम से कम दसवीं पास हो तथा जिला हमीरपुर का स्थायी निवासी हो। कोई भी नियमित विद्यार्थी एनवाईसी स्वयंसेवक के लिए आवेदन नहीं कर सकता है। स्नातक या समकक्ष शैक्षणिक योग्यता या कम्प्यूटर का ज्ञान रखने वाले आवेदकों को प्राथमिकता दी जायेगी। दीपमाला ठाकुर ने बताया कि चयनित होने पर स्वयंसेवकों को प्रति माह 5000 रुपये मानदेय मिलेगा। स्वयंसेवकों की कार्य अवधि दो वित्तीय वर्ष की होगी। बीच में कार्य संतोषजनक नहीं होने की स्थिति में स्वयंसेवकों को पृथक किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए उपायुक्त कार्यालय परिसर के पास बचत भवन में स्थित नेहरू युवा केंद्र के कार्यालय में या दूरभाष नंबर 01972222271 पर संपर्क किया जा सकता है। जिला युवा अधिकारी ने बताया कि ऑनलाइन भरे गए आवेदन का प्रिंट आउट अपने हस्ताक्षर सहित सभी अभिलेखों शैक्षणिक योग्यता प्रमाणपत्र, आधारकार्ड, वोटर आईडी तथा बैंक खाता के पासबुक सहित अन्य सभी प्रमाण पत्रों एनएसएस/एनसीसी/भारत स्काउट गाईड/नेहरू युवा केन्द्र के प्रमाणपत्रों की छायाप्रति की स्वप्रमाणित कॉपी संलग्न कर नेहरू युवा केन्द्र हमीरपुर में भी 24 मार्च, 2023 तक जमा करें, ताकि पात्र उम्मीदवारों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जा सके।

### प्रदेश में सशक्तिकरण एवं क्रमिक विकास पर केंद्रित होगी शिक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपने पहले बजट में आधुनिक सदी की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए हिमाचल में शिक्षा प्रणाली को नई दिशा देने के संकल्प को सिद्ध करने की राह प्रशस्त की है। समावेशी शिक्षा एवं उत्कृष्टता के लक्ष्य को हासिल करने के दृष्टिगत इसमें नई पहलें की गई हैं। इसमें मेधावी छात्रों को 10 हजार टैबलेट देने की बात है, वहीं प्रारंभिक स्तर पर 17,510 नियमित शिक्षकों को भी यह टैबलेट प्रदान किए जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य चरणबद्ध ढंग से सभी को गुणवत्तापूर्ण डिजिटल शिक्षा प्रदान करते हुए एक समतामूलक एवं ज्ञान से परिपूर्ण जीवंत समाज का विकास करना है। इसके अतिरिक्त बजट में 762 विद्यालयों को आईसीटी योजना के अंतर्गत डिजिटलाईज किया जाएगा।कांग्रेस प्रतिज्ञा-पत्र में उल्लेखित गुणात्मक एवं परिमाणात्मक शिक्षा की गारंटी को मूर्त रूप प्रदान करते हुए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी राजकीय आदर्श डे-बोर्डिंग स्कूल स्थापित करने का प्रस्ताव इस बजट में है। सरकार की यह पहल बच्चों की सीखने की क्षमता में और सुधार करते हुए उन्हें एक ऐसा वातावरण प्रदान करेगी, जहां शिक्षा के साथ-साथ इनडोर एवं आउटडोर खेल गतिविधियों के लिए पर्याप्त आधारभूत संरचना होगी। इसके साथ ही उन्हें अत्याधुनिक प्रयोगशाला, पुस्तकालय, स्वीमिंग पूल और अत्याधुनिक क्लासरूम भी उपलब्ध करवाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए 300 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित किया है।मुख्यमंत्री का कहना है कि शिक्षा हमें विश्व के बारे में ज्ञान प्रदान करती है। यह जीवन के प्रति हमारे दृष्टिकोण को विकसित करते हुए एक नई दिशा देती है। राष्ट्र के क्रमिक विकास में यह सबसे महत्वपूर्ण घटक है। उनका कहना है कि शिक्षा हमारा व्यक्तित्व विकास करते हुए समाज के सही संचालन में मदद करती है। इसके साथ ही यह गरीबी उन्मूलन में भी सहायक है। इसी को ध्यान में रखते हुए अच्छी किताबों तक छात्रों की पहुंच आसान बनाने तथा उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतर पठन-सामग्री उपलब्ध करवाने के दृष्टिगत प्रत्येक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय स्थापित किए जाएंगे।

राज्य में व्यवसायिक शिक्षा के विस्तार पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने बजट में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों और बहुतकनीकी संस्थानों में बाजार आधारित रोजगारपरक पाठ्यक्रम शुरू करने की बात भी की है।

# चाइल्ड स्पेशलिस्ट के सरकारी आवास से डेढ़ लाख की नगदी चोरी

### शिकायत के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच शुरू की जांच

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

क्षेत्रीय अस्पताल ऊना से सटे डॉक्टर कॉलोनी में शिशु रोग विशेषज्ञ आवास के ताले तोडकर अज्ञात शातिरों ने डेढ़ लाख की नगदी चुराई है। मामले को लेकर चिकित्सक ने ऊना पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में बतौर शिशुरोग विशेषज्ञ तैनात पालमपुर निवासी डॉक्टर विकास चौहान ने बताया कि गत दिवस अपने निजी कार्य से सुबह से लेकर शाम तक बाहर था। वापिस डॉक्टर कॉलोनी अपने सरकारी आवास में पहुंचने पर पाया कि घर का ताला टूटा हुआ है। अलमारी में देखा, तो पाया कि डेढ़ लाख रुपये की नगदी गायब है। शिकायत के बाद ऊना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। एएसपी ऊना प्रवीण धीमान ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। अगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# हमीरपुर में शिशु लिंगानुपात में हो रहा है सुधार

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**



बाल विकास परियोजना हमीरपुर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में महिला एवं बाल विकास विभाग की बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना और अन्य योजनाओं के सराहनीय परिणाम सामने आ रहे हैं। इन्हीं योजनाओं के परिणामस्वरूप हमीरपुर खंड में शिशु लिंगानुपात और बच्चों एवं महिलाओं के पोषण में काफी सुधार देखने को मिल रहा है। सोमवार को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना की खंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम मनीष कुमार सोनी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत हमीरपुर खंड में साल भर कई जागरुकता कार्यक्रम और गतिविधियां आयोजित की गईं। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली लड़कियों को पुरस्कृत किया गया और उन्हें अन्य लड़कियों के लिए रोल मॉडल के रूप में भी प्रस्तुत किया गया। एसडीएम ने कहा कि जागरुकता कार्यक्रमों के अलावा छात्राओं के लिए कॅरियर गाइडेंस और स्ट्रैस मैनेजमेंट से संबंधित शिविर भी आयोजित किए गए। उन्होंने कहा कि योजना के तहत सभी गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण भी सुनिश्चित किया जा रहा है। एसडीएम ने बताया कि इन कार्यक्रमों एवं अभियानों के परिणामस्वरूप में इस समय हमीरपुर खंड में शिशु लिंगानुपात बढक? 965 तक पहुंच गया है। आईसीडीएस योजनाओं की समीक्षा करते हुए एसडीएम ने कहा कि बाल विकास परियोजना हमीरपुर के अंतर्गत कुल 183 आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चोंए किशोरियोंए गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को लाभान्वित किया जा रहा है।

# परीक्षा केंद्रों में उड़नदस्ता टीम का निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा आयोजित 10वीं और 12वीं कक्षा की टर्म-2 की वार्षिक परीक्षाओं में उड?दस्ता टीम द्वारा परीक्षा केंद्रो में लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को दसवीं कक्षा की अंग्रेजी विषय और बाहरवीं की भौतिक विज्ञान और लेखांकन विषय की परीक्षा में उच्चतर शिक्षा उपनिदेशक जनक सिंह की फ्लाइंग स्क्वायड की टीम में प्रवक्ता डा. किशोरी लाल शर्मा एवं कुसुम कुमारी शास्त्री ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक



विद्यालय बंगाणा, डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल लठियाणी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लठियाणी, बुधान और धुंदला स्कूल में परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। साथ ही सीसीटीवी फुटेज को जांचा गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षाओं की कार्यप्रणाली संतोषजनक पाई गई। इस दौरान शिक्षा उपनिदेशक उच्चतर शिक्षा जिला ऊना जनक सिंह ने केंद्र समन्वयक एवं केंद्र अधीक्षक को परीक्षाओं को सुचारू रूप से चलाने एवं नकल को रोकने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

# अंदौरा में अवैध शराब संग एक काबू

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

थाना अंब के तहत अंदौरा में पुलिस ने एक व्यक्ति 10 बोतल अवैध शराब समेत काबू किया है। आरोपी की पहचान गुरचरण सिंह निवासी अंब के रूप में हुई है। जिसके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार अंब पुलिस की टीम रविवार देर शाम को अंदौरा क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस की टीम ने गुप्त सूचना मिलने पर अंदौरा में गुरचरण सिंह की तलाशी ली। जिसके पास से पुलिस ने 10 बोतल अवैध शराब बरामद की।

# खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा भरे गए सैम्पलों में से 10 की आई रिपोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/ मनीष**

सोलन जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा समय-समय पर लोगों की सेहत को ध्यान में रखते हुए खाद्य पदार्थो के सैंपल भरे जाते है। प्रति एफ एसओ विभाग 30 सैंपल भरता है। बीते दिनों विभाग द्वारा करीब 30 सैंपल भरे गए थे जिनमें से विभाग के पास 10 सैंपल की रिपोर्ट आई है जिनमे से 6 सैंपल फेल हुए है। खाद्य सुरक्षा विभाग सोलन के सहायक आयुक्त अरुण चौहान ने बताया कि खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा प्रति एफएसओ 30 सैंपल भरे जाते है जिनमे से विभाग ने बद्दी नालागढ़ झाड़माजरी से सैंपल भरे थे जिनमें से विभाग के पास 10 सैंपल की रिपोर्ट आई है, जिनमे से 6 सैंपल फेल पाए गए है, इन सभी सैम्पलों को लेकर विभाग ने नोटिस जारी कर दिए है।उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा भरे गए सैंपल में से रिफाइंड वेजिटेबल ऑइल सब स्टैंडर्ड, चक्की आटा मिस ब्रांडेड, खुली शक्कर सब स्टैंडर्ड, कच्ची घानी तेल सब स्टैंडर्ड, मूंग दाल सब स्टैंडर्ड पाई गई है।


**उत्तर रेलवे**

G20 आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे जगाधरी वर्कशॉप - 135002 द्वारा फर्मों को निम्नलिखित मदों के लिए ई-निविदाओं के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है:-

| क्र.सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | बंद होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 61225629B | [illegible] | 8625 नग | 15 अप्रैल 2023 |
| 2. | GEM/2023/B/3257391 | बिड के लिए शुद्धिपत्र- GeM/2023/B/3257391-C1 | -- | 07 अप्रैल 2023 |

निविदा शर्तें:1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in & www.gem.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस संख्या - 61225629B & जेम बिड संख्या -GEM/2023/B/3257391

844/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# हिमाचल में कांग्रेस सरकार का बजट दिशाहीन: अनुराग ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा पेश बजट पर केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने प्रतिक्रिया देते हुए इसे जनता को गुमराह करने वाला बजट बताया। उन्होंने कहा कि इस बजट में ना तो विजन है ना डायरेक्शन है।हमीरपुर से सांसद ठाकुर ने कहा जब से हिमाचल में कांग्रेस की सरकार आई है तब से विकास के सारे कार्य ठप हैं। हिमाचल में कांग्रेस सरकार का यह बजट पूरी तरह दिशाहीन है। कांग्रेस का यह बजट नीयत और नीति विहीन

**8 सांसद ठाकुर ने कहा जब से हिमाचल में कांग्रेस की सरकार आई है तब से विकास के सारे कार्य ठप हैं**

है। इस बजट में मात्र भाजपा सरकार की योजनाओं का नाम बदलने का काम किया गया है। हिमाचल की कई महत्वपूर्ण योजनाएं जैसे गृहिणी सुविधा योजना, शगुन योजना, सहारा योजना, हिम केयर योजना और मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के ऊपर चुप्पी का मतलब है कि इस बजट में इन योजनाओं के लिए कोई प्रवर्धन नहीं किया गया।



कांग्रेस पर महिलाओं को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए ठाकुर ने कहा,आज बजट घोषणा में इन्होंने हिमाचल प्रदेश में मात्र 2 लाख 31 हजार महिलाओं को रू 1500 प्रतिमाह देने की बात की है। इसकी भी देनदारी के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं दिखता।

जब यह सरकार बनी थी तो हिमाचल की 32 लाख महिलाओं की बात की जा रही थी। इससे पता चलता है कि यह सरकार लोगों को सिर्फ गुमराह कर रही है।


**उत्तर रेलवे**

G20 आज़ादी का अमृत महोत्सव

**अधिसूचना**

**अंबाला मंडल पर मानदेय के आधार पर कर्मचारी हित निधि से आयुर्वेदिक चिकित्सक (अंशकालिक) की नियुक्ति के संबंध में**

उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल पर आयुर्वेदिक चिकित्सक (अंशकालिक) काम करने के लिए कर्मचारी हित निधि से मानदेय के आधार पर अंशकालिक (4 घंटे प्रतिदिन) BAMS या समकक्ष या इससे ऊपर की डिग्री रखने वाले योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थी से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। अभ्यर्थी को आयुर्वेदिक दवाईयों के इलाज का अनुभव होना चाहिए। नियम व शर्तें निम्नानुसार हैः-

| | | |
|---|---|---|
| 01 | आयुर्वेदिक दवाखाना का स्थान | मंडल अस्पताल, उत्तर रेलवे अंबाला छावनी |
| 02 | शैक्षिक योग्यता | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से BAMS या समकक्ष या इससे ऊपर की योग्यता होनी चाहिए। |
| 03 | अनुभव | आयुर्वेदिक चिकित्सक के रूप में कार्य करने का कम से कम 5 वर्ष का अनुभव। |
| 04 | समय | 09:00 बजे से 13:00 बजे तक (4 घंटे प्रतिदिन एवं राजपत्रित अवकाश पर और रविवार के दिन छुट्टी रहेगी।) |
| 05 | मानदेय की दर (प्रति माह) | 37500/- प्रति माह (सैंतीस हजार पांच सौ मात्र।) |
| 06 | अवधि | एक वर्ष (संतोषजनक रिपोर्ट पर कमेटी द्वारा आगे बढ़ाया जा सकता है।) |

यह भी स्पष्ट किया जाता है कि यह नियुक्ति चयनित अभ्यर्थी को रेलवे में तैनाती का कोई अधिकार नहीं देगी। यह नियुक्ति पूरी तरह से कर्मचारी कल्याण निधि से संविदात्मक आधार पर है। नियोजन होने पर रेलवे आवास तथा अन्य सुविधायें जैसे पास/पी.टी.ओ./आदि नहीं दी जाएगी।

आवेदन पत्र 03.04.2023 तक मंडल कार्मिक अधिकारी (हित अनुभाग) उत्तर रेलवे मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, अंबाला छावनी को भेजे जाये। 03.04.2023 के बाद कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा। रिक्तियों की स्थिति, नियम एवं शर्तें, आवेदन पत्र का प्रारूप के साथ विस्तृत विज्ञापन उत्तर रेलवे की वेबसाइट https://nr.indianrailways.gov.in एवं welfaresectionumb@gmail.com पर उपलब्ध है।

(सुखदेव सिंह)
कृते- वरि. मंडल कार्मिक अधिकारी,
उत्तर रेलवे अंबाला छावनी

855/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# भंगरोटू में आसमानी बिजली का कहर, मौत के मुंह से बाल-बाल बचें 75 लोग

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/खेमचंद शास्त्री**

बल्ह घाटी के नेरचौक में दिन को हुई मूसलाधार बारिश के बीच राजकीय माध्यमिक वरिष्ठ पाठशाला भंगरोटू में आसमानी बिजली गिरने से अफ रा-तफ री मच गई। जिस वक्त स्कूल परिसर में आसमानी बिजली गिरी उस वक्त बच्चों सहित और अध्यापक 75 की तलाश में थे। स्कूल परिसर में पहले तो एकाएक बहुत सी रोशनी चमकी और फिर अंधेरा छा गया। आसमानी बिजली कडकते ही पेड़ पर आसमानी बिजली गिरी । पेड़ के टुकड़े 200 मीटर दूर दूर तक जा गिरे। स्कूल की प्रधानाचार्य माया गुलेरिया ने बताया कि दोपहर 2:10 पर बिजली गिरी जो स्कूल के पेड़ पर गिरी। उस समय नवमी कक्षा के 32 छात्र-छात्राएं अपनी परीक्षा दे रहे थे। स्कूल परिसर में स्कूल पूरा स्टाफ 43 लोगों का स्कूल परिसर में ही था। बिजली गिरने का धमाका इतना जोरदार था कि सभी लोग सहम गए तथा बिजली के सारे उपकरण बंद हो गए । कंप्यूटर, आईपी की टीचर गीता देवी जिस पेड़ पर आसमानी बिजली गिरी उसी की साथ वाली बिल्डिंग में थी। उनका मोबाइल एकदम से बहुत ज्यादा गर्म हो गया तथा उनका एक हाथ फूल हो गया और वे बेहोश हो गई। उन्हें आनन-फानन में लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां पर उन्हें डॉक्टर ने जांच के बाद उन्हें घर भेज दिया।


**HIMACHAL PRADESH JAL SHAKTI VIBHAG**

NOTICE INVITING TENDER

The Executive Engineer Jal Shakti Division Baddi invites tenders on behalf of Governor of Himachal Pradesh from approved eligible contractors for the following work(s) through offline process:-

| S/No. | Name of Work | Estimate Cost | Earnest Money | Cost of Form | Time Allowed |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | R/M of LWSS Abharni Goela Panner 1st stage in Tehsil Baddi District Solan (HP) (SH: R/O 350 HP induction Motor 2900 RPM). | 250800/- | 5016/- | 250/- | 15 days |
| 2 | R/M of LWSS Abharni Goela Panner 1st stage in Tehsil Baddi District Solan (HP) (SH: R/O 350 HP centrifugal pump set 11 stages etc.). | 267600/- | 5352/- | 250/- | 15 days |
| 3 | R/M of LWSS Sua Fangla in GP Goela in Tehsil Kasauli District Solan (HP) (SH: Operation and Running of LWSS Sua Fangla 1st and 2nd stage) for six months. | 377438/- | 7549/- | 250/- | Six Months |
| 4 | R/M of LWSS Baddi in Tehsil Baddi District Solan (HP) (SH: Providing internal electrification for new created division office Baddi) | 177000/- | 3540/- | 250/- | One Month |

Last date of submission of tender: 24/03/2023 upto 11:00 A.M.

Last date of sale of tender from Divisional office 23/03/2023 upto 4.00 P.M.

The tender forms and other detailed conditions can be downloaded from the website www.hpiph.org.

RO No. 8556/2022-2023

Executive Engineer, JSV Division, Baddi, District Solan (HP)

# डबल इंजन की सरकार होते हुए भी प्रदेश का कर्ज मुक्त नहीं कर सकी पूर्व जयराम सरकार: रामलाल ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

जब से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार का गठन हुआ है तब से भाजपा को दिक्कत हो गई है और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट के उपरांत को भाजपा नेताओं की हालत खस्ता ही हो गई है। यह बात पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर ने बिलासपुर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने संतुलित और जन हितैषी बजट के लिए मुख्यमंत्री को बधाई दी और कहा कि जब से सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सत्ता संभाली है तब से आज तक लिए गए निर्णय न केवल जन



हितेषी है बल्कि प्रदेश के भी हित में भी हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी बंद किए गए संस्थानों का रोना रो रही है लेकिन वास्तव में आचार संहिता लगने से पहले भाजपा सरकार ने ही शिक्षा नीति और स्वास्थ्य नीति का उल्लंघन किया। हैरानी तो इस बात की थी कि खुद नियमों की बात करने वाले मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने विधानसभा में दिए गए वक्तव्य को भी ध्यान में नहीं रखा और एक पंचायत में पांच-पांच स्कूल खोल दिए। उन्होंने स्वारघाट कॉलेज के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि बिलासपुर से प्रिंसिपल को वहां भेज कर कार्य शुरू करने को कहा गया लेकिन किसी भी प्रोफेसर की नियुक्ति वहां नहीं की गई। वहां पर 22 बच्चे दाखिल हुए थे ।लेकिन पढ़ाई न होने के कारण वह वापस अपने संस्थानों में चले गए। उन्होंने सरकार द्वारा कर्जा लेने की बात पर भी भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जयराम सरकार ने 37000 करोड रुपए का कर्जा पांच सालों में लिया। जबकि जयराम ठाकुर ने सत्ता संभालते ही कहा था कि डबल इंजन की सरकार देश और प्रदेश में है अब हिमाचल को कर्ज मुक्त करेंगे। लेकिन वह अपने वादे पर खरे नहीं उतरे। उन्होंने बताया कि 2392 करोड़ रुपए का उपयोगिता प्रमाण पत्र आज तक नहीं मिल पाया है जो कि भाजपा सरकार के कार्य में कार्यकाल में व्यय हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में बेहतरीन सुशासन देती हुई सरकार काम कर रही है। और निश्चित अवधि में सभी गारंटियों को भी पूरा किया जाएगा। जो वादा पहली कैबिनेट में ओपीएस बहाल करने का था वह सरकार ने कर दिया है। और महिलाओं को भी चरणबद्ध तरीके से 1500 रुपए देने की घोषणा हो गई है। उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से और नितिन गडकरी से प्रश्न किया कि पिछले चुनावों के दौरान जो 69 हाईवे हिमाचल प्रदेश को दिए गए थे और 65000 करोड रुपए की घोषणा की गई थी वह घोषणा कहां तक सच साबित हुई और कितने नेशनल हाईवे बने यह बताएं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में श्वेत क्रांति और हरित क्रांति को महत्व देते हुए वर्तमान सरकार बेहतर कार्य कर रही है और निश्चित रूप से आमजन की सरकार साबित हुई है।

# स्पेस विंडो उद्योग करवाएगा छात्रों को औद्योगिक विजिट



**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

राजकीय महाविद्यालय ऊना के एमसीए विभाग व स्पेस विंडो प्राईवेट लिमिटेड मोहाली के मध्य सोमवार को एक एमओयू साइन किया गया। इस एमओयू के तहत स्पेस विंडो सत्र 2023-25 के दौरान एमसीए विभाग के छात्रों के हितों के अनुसार किसी भी तकनीक पर सभी एमसीए छात्रों को एक महीने से उसे कार्यशलाएं प्रदान करेगा। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को साल में एक बार औद्योगिक दौरे भी प्रदान करेगें। और मेजबान संस्थान छात्रों के लिए प्रवेश परीक्षा का भी आयोजन करेगा। परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को प्रशिक्षण लागत में छूट मिलेगी।

इस अवसर पर कोर्डिनेटर प्रो. पुनीत, प्रेम कंवर एवं कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. सतदेव भारद्वाज विशेष रूप से मौजूद रहे।

## श्रीमद् देवी भागवत कथा व शतचंडी महायज्ञ 22 से 30 मार्च तक

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

बाबा श्री आत्मानंद आश्रम जोगीपंगा धाम में श्रीमद् देवी भागवत कथा एवं शतचंडी महायज्ञ 22 से 30 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है। जानकारी देते हुए आयोजक कृष्ण चंद्र भारद्वाज ने बताया कि इस अवसर पर कथा अमृत का रसपान कथा व्यास आचार्य सुनील वशिष्ठ जी करेंगे। उन्होंने बताया कि 22 से 30 मार्च श्रीमद् देवी भागवत कथा एवं महायज्ञ का शुभारंभ शोभायात्रा में प्रतिष्ठा के साथ किया जाएगा। शोभायात्रा एवं कथा में पीठाधीश्वर 1008 महामंडलेश्वर श्रीमद् विष्णु देवानंद जी महाराज भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

# रामपुर स्थित ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक में 4 दिन से ठप सिस्टम

**8 पॉलीक्लिनिक में रोगियों को उपचार नहीं मिलने की सूरत में भयंकर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है**

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

रामपुर स्थित ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक में रोगियों को उपचार नहीं मिलने की सूरत में भयंकर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालत यह है कि ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक अपने डेटाबेस पिछले चार दिनों से कटा हुआ है, जिसके बाद न तो रोगियों की ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हो पा रही है और न ही उन्हें यहां से कोई दवा दी जा सकती है।



सबसे बड़ी समस्या यह है कि पॉलीक्लिनिक से रोगियों को मैनुअल तरीके से भी दवा उपलब्ध नहीं करवाई जाती। पूर्व सैनिक राजेंद्र कुमार शर्मा का कहना है कि उन्हें पूर्व सैनिकों के आश्रितों और पूर्व सैनिकों द्वारा ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक में सिस्टम के ठप होने की सूचना दी गई थी, जिसके बाद वह अधिकारियों से बात करने के लिए प्रतिनिधिमंडल के साथ यहां पहुंचे हैं। राजेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि एक खास तरह का कार्ड रीडर सिस्टम के साथ अटैच करके रोगियों का पूरा डाटा बेस ऑनलाइन तैयार किया जाता है। ऑनलाइन पंजीकरण के बाद ही रोगियों को उपचार और दवा उपलब्ध करवाई जाती है। दूसरी तरफ बहडाला से आए पूर्व सैनिक कुलदीप सिंह का कहना था कि वह उपचार के लिए पिछले 4 दिन से यहां पर पहुंच रहे हैं, लेकिन ना तो उनका पंजीकरण हो पा रहा है और न ही उन्हें दवाई मिल पा रही है। जिसके चलते उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

उनका कहना है कि जब पॉलीक्लिनिक के प्रबंधन को इस कार्ड रीडर की अहमियत का पता है, तो फिर क्यों नहीं इसे रिजर्व तरीके से रखा गया, ताकि एक के खराब होने पर दूसरा कार्ड रीडर लगाकर लोगों की स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों को दूर किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस पॉलीक्लिनिक में पूर्व सैनिक और उनके आश्रित दूरदराज क्षेत्रों से पहुंच रहे हैं, लेकिन उन्हें बैरंग वापस लौटना पड़ रहा है। जिसके चलते एक तरफ उन्हें मानसिक परेशानी उठानी पड़ रही है, दूसरी तरफ बिना इलाज के भारी-भरकम किराया खर्च वापस घरों को लौटना पड़ रहा है। पूर्व सैनिक आश्रित नंगड़ा के राकेश गर्ग ने बताया कि उनके पिता पूर्व सैनिक हैं और इन दिनों वह अधरंग के रोगी हैं, जिन्हें लेकर वह पिछले 3 दिन से यहां पर आ रहे हैं लेकिन सिस्टम ऑनलाइन नहीं होने के चलते उन्हें अन्य अस्पतालों में जाकर पिता को उपचार दिलवाना पड़ रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### गोहर खण्ड में राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा के शुभारंभ पर खारसी में मीलेट्स पर जागरूकता शिविर



**टीम एक्शन इंडिया/गोहर/सुभाग सचदेवा**

विकास खंड गोहर के खारसी में बाल विकास परियोजना गोहर के पर्यवेक्षक कार्यालय खारसी में पोषण पखवाड़ा 2023 का शुभारंभ किया गया।इस कार्यशाला में पर्यवेक्षक संदीप चौहान की अगुवाई में जागरूकता शिविर रखा गया। इस अवसर में आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी शालवी शर्मा ने विशेष तौर पर उपस्थित होकर हमारी दिनचर्या में मोटे अनाज के स्वास्थ्य लाभों पर विस्तृत जानकारी दी। बाल विकास परियोजना अधिकारी बिहारी लाल चौहान ने बाजरा, कोदरा, ज्वार मोटे रेशेदार अनाजों को खाने में शामिल करने का आव्हान किया। पर्यवेक्षक संदीप चौहान ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण पखवाड़ा 20 मार्च से 3 अप्रैल तक देश भर में मीलेट्स के महत्व को बताने बारे मनाया जा रहा है। इसी क्रम में गोहर खंड के 232 आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों, किशोर, किशोरियों, गर्भवती माताओं, धात्री माताओं व आम जनमानस को मोटे अनाज के पौष्टिक गुणों को बताने बारे गतिविधियों का कैलण्डर तैयार किया गया है।

उन्होंने बताया कि पोषण पखवाड़ा में बाजरा, जौ, रागी आदि मोटे आनाज के पोषण लाभों को हर समुदाय तक पहुंचाने और उन्हें जागरूक करने के लिए जागरूकता रैलियों, किचन गार्डनिंग, पोषण प्रभात फेरी, गृह भ्रमण, स्वच्छ बाल स्पर्द्धा, सीबीई, हैंड वाशिंग, पोषण के पांच सूत्र आदि गतिविधियां का आयोजन पंचायत, स्वयं सहायता समूह, महिला मण्डल, शिक्षा विभाग, आयुष विभाग व स्वास्थ्य विभाग के स्वनवय से किया जाएगा।

### 21 मार्च को विद्युत कट

**मंडी/खेमचंद शास्त्री**

सहायक अभियंता, विद्युत उप-मंडल एक नरेश ठाकुर ने बताया कि 21 मार्च, 2023 को प्रातः 10 से सांय 5 बजे तक 11 केवी अस्पताल फीडर के तहत 100 केवी, अप्पर सैण ट्रांसफ ार्मर की आवश्यक मरम्मत की जायेगी, जिस कारण अप्पर सैण, सैण मटट व आस-पास के क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। मौसम खराब होने की स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जायेगा।

### डा. नेत्र वर्मा होंगे बासा कॉलेज के नए प्रिंसिपल



**टीम एक्शन इंडिया/गोहर/सुभाग सचदेवा**

राजकीय महाविद्यालय बासा में डॉ. नेत्र सिंह वर्मा ने सोमवार को बतौर प्रिंसिपल पदभार संभाल लिया है। कॉलेज प्रबंधन के सदस्यों के अलावा शिक्षकों, गैर शैक्षणिक कर्मचारियों, पीटीए, ओएसए व छात्रों ने डॉ. वर्मा को पदभार संभालने पर गर्मजोशी से स्वागत किया व शुभकामनाएं दीं। डॉ. नेत्र वर्मा गोहर की नौण पंचायत से सम्बंध रखतें हैं। इन्होंने वर्ष 1996 में करसोग कॉलेज में आर्टस संकाय के प्रवक्ता के तौर पर ज्वाइन किया था, जिसके बाद साल 2012 में पीएचडी की उपाधी प्राप्त की। इनका 27 वर्ष का अकादमिक करियर शानदार रहा है। करसोग के बाद,महाविद्यालय मंडी, द्रंग स्थित नारला फि र बासा में सेवाएं प्रदान की है और अब बासा में ही बतौर प्रिंसीपल सेवाएं देंगे। इन्होंने राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न पत्रिकाओं में शोध पत्र लिखे हैं। उनकी स्पेशलाइजेशन जियोग्राफि में है। इस अवसर पर डाक्टर नेत्र वर्मा ने कहा कि कॉलेज के प्रिंसिपल के पद पर ज्वाइन करने के बाद उनका फोकस संस्थान को नई ऊंचाइयों तक ले जाने पर रहेगा। वर्तमान समय में उच्च शिक्षा का लाभ छात्रों को निर्बाध रूप से दिया जा सके। इसके लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

# लिफ्ट लेकर भारत भ्रमण कर पांच माह बाद चम्बा वापिस पहुंचे चम्बा के सुनील शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

लिफ्ट लेकर भारत भ्रमण कर पांच माह बाद चम्बा के सुनील शर्मा घर पहुंच गये हैं। चम्बा पहुंचने पर जिला परिषद सदस्य मनोज मनु व अन्य युवा साथियों ने उनका स्वागत किया। उसके बाद ईरावती होटल चम्बा में पत्रकार वार्ता का भी आयोजन किया गया। मूलता चंबा जिला के साहू क्षेत्र से संबंध रखने वाले सुनील कुमार ने पत्रकार वार्ता के माध्यम से अपने पांच माह के अनुभव साझा किये। उन्होने बताया कि 21 अक्तूबर, 2022 को घर से लिफ्ट लेकर निकले थे। उसके बाद लिफ्ट लेकर करीबन पांच माह में दस प्रदेशों का भ्रमण किया। इस दौरान हिमाचल, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटका, केरल तथा तामिलनाडू प्रदेशों का भ्रमण किया। सुनील शर्मा एक यूट्यूबर है उनके चैनल का नाम है द हिमालयन ट्रैकर है। इस चैनल के माध्यम से उन्होने पूरे भारत में हुए भ्रमण के विडियो भी प्रतिदिन शेअर किये। उन्होने बताया कि इन दस प्रदेशों के इस भ्रमण के दौरान ट्रैवलिंग का कोई खर्च नहीं आया। लेकिन मोबाइल इंटरनेट, या अन्य फोर्ट एवं किलों की टिकेट व अन्य खर्चा मिलाकर पांच माह में कुल दस हजार रु का खर्च आया है। उन्होने कहा कि उनका बचपन का सपना था भारत घूमने का परंतु बिना पैसे के घूमने का यह विचार उन्हें विदेशियों के यूट्यूब पर विडियो देखकर आया। इससे हमने सोचा कि ऐसा प्रयास किया जा सकता है। इस सफर के दौरान कुछ कठिनाइयां भी आई परंतु ज्यादातर अच्छा अनुभव रहा। अलग-अलग प्रदेशों के अलग अलग संस्कृति, खान पान एवं लोगों को जानने और चम्बा की संस्कृति को उनके समक्ष रखने का मौका मिला। अब उनका अगला लक्ष्य है लिफ्ट लेकर ही नोरथ इस्ट का भ्रमण व उसके आलावा फोर्न टूर का भी है।

## गगरेट में 3.29 ग्राम चिट्टे संग एक काबू

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

थाना गगरेट के तहत हनुमान मंदिर के समीप पुलिस ने एक व्यक्ति को 3.29 ग्राम चिट्टा संग काबू किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान नवीन कुमार निवासी जिला कांगड़ा के रूप में हुई है। जिसके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गगरेट पुलिस की टीम रविवार देर शाम को गगरेट में हनुमान मंदिर के समीप गश्त कर रही थी।

इस दौरान गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस की टीम ने नवीन कुमार को तलाशी के लिए रोका। नवीन कुमार के पास से पुलिस ने 3.29 ग्राम चिट्टा बरामद किया है।

# कौशल विकास निगम द्वारा उपलब्ध करवाए जा रहे नि:शुल्क प्रशिक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम चंबा के तत्वावधान में प्रचार-प्रसार कार्यक्रम के अंतर्गत लोगों को नुक्कड़ नाटक व गीत संगीत के माध्यम से निगम द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। आर्यन कला मंच उदयपुर के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक व गीत संगीत से आज चुवाड़ी और समोट में निगम द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में अवगत करवाते हुए बताया कि महिलाओं के लिए सिलाई कढ़ाई, रूप सज्जा व वस्त्र सज्जा



निःशुल्क प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं, जिसकी समय अवधि 3 माह है। उन्होंने बताया कि फूड व बेवरेज में भी निःशुल्क प्रशिक्षण उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने युवाओं को इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में बढ़-चढकर भाग लेने का भी आह्वान किया। उन्होंने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया कि इसके साथ-साथ पुरुष वर्ग के लिए भी विभिन्न औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में ड्रोन सर्विस टेक्नीशियन, इलेक्ट्रॉनिक, प्लंबर इत्यादि के प्रशिक्षण उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा के सभागार में जिला स्तर पर खंड चिकित्सा अधिकारियों और स्वास्थ्य पर्यवेक्कों के साथ मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जालम सिंह भारद्वाज ने की। उन्होंने खंड चिकित्सा अधिकारीयों द्वारा भेजी गई मासिक रिपोर्ट का आकलन किया। उन्होंने जिले में गर्भवती महिलायों के पंजीकरण के साथ-साथ संस्थागत प्रसव को बढ़ाने के निर्देश दिए गए,



उन्होंने आशा कार्यकर्ता द्वारा नवजात शिशु की ग्रह आधारित देखभाल भ्रमण को सुचारु रूप से करने के निर्देश दिए। जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने महत्वाकांक्षी जिले के अंतर्गत चल रही योजनाओं और इस के तहत चल रही गतिविधियों की समीक्षा की तथा इसकी प्रोग्रेस बढ़ाने के लिए कहा। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय हेल्थ मिशन के तहत जिले में चल रहे कार्यकर्मो की समीक्षा की जिस में प्रजनन एवं मातृ शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, टीकाकरण कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ कार्यक्रम, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, एनसीडी कार्यक्रम तथा एचएमआईएस का खंड स्तरीय समीक्षा भी की।उन्होंने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की गतिविधियों का जायजा लेते हुए सभी कार्यक्रमों और योजनायो को जन-जन तक पहुँचाने के लिए कहा।साथ ही लोगो को स्वास्थ्य विभाग की और से चलाई जा रही हर कल्याणकारी योजनाओ जैसे आयुष्मान भारत योजना, सहारा योजना, हिमकेयर योजना की जानकारी लोगो तक पहुचाने को कहा। जिस से हर व्यक्ति इन योजनायो का लाभ ले सके।

# एसएसआरवीएम में परीक्षा परिणाम देख खिल उठे बच्चों के चेहरे

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

एसएसआरवीएम विद्यालय ऊना में घोषित हुए वार्षिक परिणाम सुनकर बच्चों को अभिभावकों के चेहरे पर खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर विद्यालय में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। परीक्षा परिणामों में पहली कक्षा में प्रथम कुशमीत, द्वितीय सहज सिंह सैनी व तृतीय स्थान याशिका ने प्राप्त किया। दूसरी कक्षा में प्रथम वशिश अरशिया, द्वितीय समायरा, इदिका व तृतीय स्थान तनिशिका व दिव्यांश ने प्राप्त किया। तीसरी कक्षा में प्रथम अदिति, अन्वी पाठक, द्वितीय अवनी, अमीषा व



तृतीय स्थान सानवी और तनिश ने प्राप्त किया।

चतुर्थ कक्षा में प्रथम आरव, रेहान, आश्रव, द्वितीय आरूष पराशर, इशार, यश्न व तृतीय स्थान पर निहारिका, लावण्या, सानची रहे। पांचवी कक्षा में प्रथम अक्षिता, अमरजोत जैस्मिन, द्वितीय श्रेयस, सक्षम व तृतीय स्थान अशरिया, निर्मित ने प्राप्त किया। छठी में प्रथम मन्नत, अभिमन्यु, द्वितीय आरव, रुद्रा व तृतीय स्थान पर आरूष व गरिमा रहे। सातवीं कक्षा में प्रथम दिव्यम, अशमिता, सक्षम ठाकुर, द्वितीय शीतल, श्रेया, साकेत व तृतीय स्थान सिमरन, शुभांगी व सक्षम लठ ने प्राप्त किया। आठवीं में प्रथम शितांश, जानवी, द्वितीय आस्था, राधिका सैनी एवं तृतीय स्थान पर नंदनी, राधिका रही। नवीं में प्रथम मानया, राधिका मेहता, द्वितीय आरुषि देवी, सिमरन सैनी एवं तृतीय स्थान इवाना सैनी, अमित ग्यारहवीं कक्षा में प्रथम सक्षम, अंश, द्वितीय मेघा, चिन्मय एवं तृतीय स्थान हिमानी, पलवी ने हासिल किया। इस दौरान नर्सरी से यूकेजी छात्रों का दीक्षांत समारोह भी आयोजित किया गया।

स्कूल के महा प्रबंधक सुमेश शर्मा ने कहा कि परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। यह परिणाम बच्चों की लगन माता-पिता के सहयोग एवं अध्यापकों की मेहनत का फल है। वहीं प्रधानाचार्य मदन लाल शर्मा ने विद्यार्थियों को पूरी मेहनत व लगन से पढ़ाई कर सफलता प्राप्ति और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

# भुन्तर शहर का किया जाएगा सौन्दर्यकरण

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

भुन्तर शहर का किया जाएगा सौन्दर्यकरण, सौन्दर्यकरण के लिए मास्टरप्लान तैयार करने के लिए ली जायेगी परामर्शदाता की सेवाएं यह जानकारी आज मुख्यसंसदीय सचिव वन, पर्यटन, ऊर्जा ० परिवहन सुंदर सिंह ठाकुर ने भून्तर में नगर पंचायत के पदाधिकरियों, व्यापार मंडल, ट्रक-टैक्सी यूनियन तथा स्थानीय लोगों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते दी। उन्होंने कहा की नगर पंचायत ० साथ लगती पंचायतों के कूड़े का वैज्ञानिक ढंग से निपटान के लिए कूड़ा निपटान सयंत्र स्थापित किया जाएगा। इस सयंत्र को स्थापित करने के लिए



उन्होंने एसडीएम कुल्लू को स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि भुन्तर शहर को पूरी तरह से रेहड़ी फ ड़ी व झुग्गी झोपड़ी मुक्त शहर बनाया जाएगा जहाँ शहर वासियों को पार्क, पार्किंग ० अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जायेंगी। उन्होंने कहा कि शहर के मध्य में स्थित ट्रक, टेम्पू ० टेक्सी स्टैंड को भी शहर के बाहर किसी उचित स्थान के लिए बदला जाएगा जहाँ पर ट्रक टेम्पू ० टेक्सी चालक अपने वाहनों को सही प्रकार खड़ा कर पायेंगे इससे शहर में लगने वाले यातायात जाम से भी निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि भुन्तर शहर को जोड? के लिए एक नया डबल लेंन पुल स्थापित किया जायेगा जब तक इस पुल का निर्माण पूर्ण नहीं हो जाता है तब तक पुराने पुल को यातायात के लिए चालू रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि भुन्तर में बस स्टैंड के पास ही एक मिनी सचिवालय बनाया जाएगा जिसके धरातल में पार्किंग, बस स्टैंड ० अन्य मंजिलों में विभिन्न विभागीय कार्यालय बनाए जायेंगे उन्होंने कहा कि भुन्तर स्थित संगम पर घाट का निर्माण किया जाएगा।

# पंजाब प्रकरण को देखते हुए सिरमौर की सीमाओं पर पुलिस ने बढ़ाई सुरक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

पंजाब में खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह के साथियों की गिरफ्तारी के बाद हिमाचल प्रदेश की सीमा पर सुरक्षा चाक.चौबंद कर दी गई है। यदि जिला सिरमौर की बात करते हैं तो जिला सिरमौर में गुरु की नगरी पांवटा साहिब में इन दिनों होला मोहल्ला चल रहा है। जिसके चलते बाहरी राज्यों खासकर पंजाब के श्रद्धालु गुरुद्वारे में माथा टेकने आते हैं। इसी के मद्देनजर जिला सिरमौर पुलिस ने प्रदेश की सीमाओं पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया है। खासकर जिला सिरमौर के प्रवेश द्वार कालाअंब ए बहराल और गोविंदगढ़ घाट में भी अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात



किया गया है। साथ ही बाहरी राज्यों से आने वाले प्रत्येक वाहन की गहनता से जांच की जा रही है। गौर हो कि पंजाब में खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह के साथियों की गिरफ्तारी के बाद पंजाब सरकार द्वारा राज्य में धारा 144 लागू की गई है, जिसके चलते हिमाचल पुलिस को भी आशंका है कि कहीं अमृतपाल के समर्थक हिमाचल की सीमा में प्रवेश ना करें। इसी के चलते पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई है।पंजाब पुलिस की खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह पर की जा रही कार्रवाई को देखते हुए हिमाचल प्रदेश सरकार ने सभी जिला प्रशासन को अलर्ट जारी कर दिया है। पंजाब से लगती हिमाचल की सीमाओं पर प्रदेश पुलिस सतर्क हो गई है। हर नाके पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की जा रही है। नंगल के साथ लगते ऊना जिले की पुलिस ने भी विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी कर दी है। हिमाचल-पंजाब सीमा पर बाथड़ी, मरवाड़ी, संतोषगढ़, मैहतपुर में पुलिस मुस्तैद है। वहीं, जिला सिरमौर के वार्डर एरिया कालाअंब, बहराल, हरिपुरखोल और पांवटा साहिब में अतिरिक्त सुरक्षा बड़े गई है। सिरमौर की सीमाएं पड़ोसी राज्य हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश से सटी हैं, ऐसे में सिरमौर पुलिस ने सभी एंट्री प्वाइंट पर सतर्कता बढ़ा दी है। इसके अलावा सादे वस्त्रों में भी पुलिसकर्मियों को प्रवेश द्वार पर सतर्क रहने के निर्देश जारी किए गए हैं। उधर, सोलन के बीबीएन में भी पंजाब से सटी सीमाओं पर चौकसी बढ़ाई गई है। पंजाब की सीमा से सटे चार एंट्री प्वाइंट्स पर पुलिस के सशस्त्र जवानों ने मोर्चा संभाल लिया है। वहीं, बघेरी, दभोटा, ढेरावाल व नंवाग्राम बैरियर पर सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी की जा रही है। वहीं कांगड़ा में भी पंजाब से सटी सीमाओं पर चौकसी बढ़ा दी गई है। एसपी ऊना अर्जित सेन ठाकुर के निदेशों पर पंजाब राज्य के साथ सटे सभी प्रवेश द्वारों पर पुलिस का पहरा लगा दिया है। पुलिस अधीक्षक सिरमौर रमन कुमार मीणा ने बताया कि वैसे तो जिला सिरमौर के बॉर्डर एरिया पर पुलिस वर्क तैयार रहता है।

# पावंटा साहिब में लंबे समय के बाद खुला अतिरिक्त जिला एवम सत्र न्यायालय

**8 जिला एवम सत्र न्यायालय का उद्घाटन मुख्य न्यायाधीश हिमाचल हाई कोर्ट शिमला सबीना सिंह द्वारा किया गया**



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

पावंटा साहिब में अतिरिक्त जिला एवम सत्र न्यायालय खुल गया है जिसका उद्घाटन मुख्य न्यायाधीश हिमाचल हाई कोर्ट शिमला सबीना सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान लीगल सेल से जुड़े कई अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे। शिमला हाई कोर्ट से जज सुशील कुकरेजा, चिराग भानु सिंह ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी, रजिस्ट्रार जनरल माननीय अरविंद मल्होत्रा व प्रेम चंद वर्मा प्रिंसिपल प्राइवेट सेक्ट्री भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर जिला एवं सत्र न्यायधीश नाहन, डीसी सिरमौर, एसपी सिरमौर, एसडीएम पांवटा तथा डीएसपी पांवटा भी उपस्थित रहे। सरकार ने पावंटा साहिब में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय की घोषणा की थी, जो आज पूरी हो गयी है। इस स्थाई अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय के उद्घघाटन के बाद अब यहाँ हर दिन यह न्यायालय चलेगा जिस से पांवटा वे शिलाई वाले लोगों को राहत मिलेगी। गौरतलब है कि पांवटा साहिब व शिलाई में वकालत करने वाले वकीलों की हड़ताल आखिरकार रंग लाई, पांवटा साहिब में पिछले करीब 35 वर्षों से अतिरिक्त जिला एवम सत्र न्यायाधीश की स्थाई अदालत खोलने के लिऐ लगातार कोशिशे की जा रही थी लेकिन आखिरकार हिमाचल सरकार तथा हिमाचल हाई कोर्ट को पांवटा व शिलाई के अधिवक्ता गण की उक्त जायज मांग स्वीकार हुई।

## न्यूज फ्लैश

### सहायक आयुक्त ने पोषण पखवाड़े का किया शुभारंभ




**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

सहायक आयुक्त उपायुक्त चंबा मनीष चौधरी ने सोमवार को पोषण अभियान के तहत पोषण पखवाड़े का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने जागरूकता रैली को हरी झंडी देकर रवाना किया तथा बाल विकास विभाग और आंगनवाड़ी कार्यकताओं ने मोटे अनाज की जागरूकता को लेकर जिला के मुख्य बाजार से होकर रैली भी निकाली। इस दौरान सहायक आयुक्त ने बताया कि यह अभियान 20 मार्च से 3 अप्रैल तक चलेगा जिसमें मोटे अनाज जैसे बाजरा, कोदरा, रागी, कांगणी कौणी, कुटकी इत्यादि के पोषक तत्वों के प्रति जागरूकता, स्वास्थ्य बालक स्पर्धा व सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों के प्रति जागरूकता लाने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार, बाल विकास परियोजना कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारियों सहित विभिन्न आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### युवा संवाद कार्यकम्र के आयोजन हेतु आवेदन आमंत्रित

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

नेहरू युवा केंद्र कुल्लू युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा युवा मंडल, स्वयं सहायता समूह, समुदाय आधारित संगठन, गैर सरकारी संगठन आदि से युवा संवाद कार्यक्रम के आयोजन हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, जिसके आयोजन के लिए संबंधित संगठन को 20000 की राशि की जाएगी प्रदान। कार्यक्रम के आयोजन हेतु आवेदन प्रपत्र नेहरू युवा केंद्र कुल्लू के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है, आवेदन देने वाले संगठन गैर राजनीतिक, गैर पक्षपातपूर्ण, अच्छे रिकॉर्ड, बिना किसी आपराधिक मामले और पर्याप्त संगठन की शक्ति वाले होने आवश्यक है। प्रत्येक जिले में तीन ऐसे संगठनों का चयन गठित कमेटी द्वारा किया जाएगा।युवा संवाद-भारत के अन्तर्गत प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 15 अगस्त, 2022 स्वतंत्रता दिवस पर पंच प्रण के संदेश भारतवर्ष को दिया गया, विकसित भारत का लक्ष्य-2047, औपनिवेशिक मानसिकता को हटाने पर जोर, भारत की विरासत पर गर्व करना, एकता एवं सुदृढ़ता, नागरिकों में कर्तव्य की भावना, इन पंच प्रण को युवाओ के बीच पहुँचाने हेतु नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा युवा संवाद-भारत कार्यक्रम के आयोजन युवा मंडल, स्वयं सहायता समूह, समुदाय आधारित संगठन, गैर सरकारी संगठन के द्वारा किया जायेगा विषय श्भारत के पंच प्रण-एक युवा परिचर्चा जिसमें प्रमुख ध्यान युवा के साथ साथ प्रॉफे शनल्स, कार्यरत, दैनिक वेतन भोगी युवाओ पर दिया जाएगा।

### 15 मील में चला मनाली ब्लॉक कांग्रेस का हाथ से हाथ जोड़ो अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

मनाली ब्लॉक कांग्रेस का हाथ से हाथ जोड़ो अभियान 15 मील में चला। राजीव ठाकुर उपाध्यक्ष मनाली ब्लॉक कांग्रेस ने कहा कि मनाली विधायक भुवनेश्वर गॉड का मनाली ब्लॉक कांग्रेस की तरफ से विशेष आभार व्यक्त किया कि उन्होने विधानसभा में मनाली क्षेत्र के भूमिहीनों की बात की और एफ आरए और एफ आरसी एक्ट में संशोधन करने की बात रखी और मुख्यमंत्री ने उनकी बात पर हामी भरी। इसके लिए ब्लॉक कांग्रेस मनाली की तरफ से विधायक भुवनेश्वर गौड़ का विशेष रूप से आभार व धन्यवाद किया गया।

# कार-ट्रक से टकराई, चालक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

मंडी शहर के साथ बाईपास में तेज रफतार के चलते एक कार सडक के किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई जिससे चालक की मौत हो गई । पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार घटना बीती रात 10 बजे की हैं जब एक तेज रफतार कार ने एक ट्रक का ओवरटेक किया। इस दौरान कार चालक अपना सतुंलन खो गया और सडक किनारे खड़े ट्रक को टक्कर मार दी। हादसे में कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई।

मृतक की पहचान मनोज कुमार के रूप में हुई जो कि रती पुल का रहने वाला बताया जा रहा हैं। मामले की जानकारी देते हुए एसपी मंडी शालिनी अग्निहोत्री ने



बताया कि मंडी पुलिस को रात को हादसे की सुचना मिली थी जिस पर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना स्थल का दौरा किया और घायल को जोनल अस्पताल मंडी ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने राजेश कुमार को मृत घोषित कर दिया। उन्होनें कहा कि मामला ओवर स्पीड का जिसके तहत पुलिस आगामी कार्रवाही कर रही हैं।

# करंट लगने से बेहोश हुई महिला, अचानक पूरे गांव में दौड़ा करंट

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

हिमाचल के सिरमौर स्थित शिलाई उपमंडल के पाब गांव में रविवार सुबह अचानक बिजली का करंट दौड़ गया। पूरे गांव में करंट फैलने से एक महिला व एक गाय को करंट का झटका लगा है। करंट लगने से महिला बेहोश हो गई। उसे बेहोशी की हालत में उपचार के लिए शिलाई लाया गया है। गाय भी बेहोश है। जानकारी के मुताबिक पाब में करीब सुबह 9 बजे अचानक हाई वोल्टेज आने से पूरे गांव में करंट दौड़ गया। हाई वोल्टेज के कारण लोगों के घरों में लगे बिजली बल्ब और अन्य उपकरण जल गए। इसी दौरान महिला सूरतो देवी अपने घर के



आंगन में कपड़े धोने के बाद पशुशाला में गाय बांध रही थी। उसी दौरान अचानक सुरतो देवी को जोर से करंट का झटका लगा और वह बेहोश हो गई। उसके साथ ही उस गाय को भी करंट का झटका लगाए जिसे वह पशुशाला में बांध रही थी। करंट लगने से गाय भी बेहोश हो गई। बेटी ने गोशाला में जब बेहोश मां को देखा तो उसने इसकी सूचना फोन पर तुरंत पिता को दी। परिजन व गांव के लोग करंट से बेहोश महिला को उपचार के लिए शिलाई अस्पताल ले गए। शिलाई अस्पताल के चिकित्सक डॉ. हेमंत सिंह ने बताया कि महिला का उपचार हो रहा है। बेहोशी की हालत में महिला को यहां लाया गया है। टेस्ट रिपोर्ट आने पर बताया जा सकेगा कि महिला का उपचार यहीं हो पाएगा या उसे हायर सेंटर न रेफर करना पड़ेगा।

उधर, शिलाई विद्युत उपमंडल के कनिष्ठ अभियंता कुंदन सिंह नेगी ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही विभागीय टीम को मौका पर भेज दिया है। बताया कि यह पता बाद में ही लग पाएगा कि करंट गांव में कैसे आया।

# नाहन चौगान मैदान में अंडर-16 सिरमौर क्रिकेट टीम का ट्रायल

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

सिरमौर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा जिला की अंडर-16 क्रिकेट टीम के चयन को लेकर आज नाहन के ऐतिहासिक चौगान मैदान में ट्रायल का आयोजन किया गया। चयन प्रक्रिया में जिला के अलग-अलग हिस्सों से आए करीब 40 खिलाडि ?ें ने भाग लिया। सिरमौर क्रिकेट एसोसिएशन के महासचिव राजेंद्र बब्बी ने मीडिया को जानकारी देते हुए



बताया कि हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ द्वारा अंडर-16 राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 6 अप्रैल से ऊना जिला में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में जिला सिरमौर की टीम भाग लेगी। जिस के चयन हेतु आज नाहन के ऐतिहासिक चौगान मैदान में चयन प्रक्रिया का आयोजन किया गया। जिसमें जिला के अलग-अलग क्षेत्रों से आए करीब 40 खिलाड़ियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि यहां हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा टेस्ट, वनडे एवं 20 के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। जिसमें चयनित खिलाड़ी जिला सिरमौर का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# युवा कवयित्री वैशाली बिष्ट हुई राज्य पुरस्कार से सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

हिमाचल एकता मंच द्वारा राजधानी शिमला में बेटियां स्माइल अवार्ड का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोकसभा सांसद सुरेश कश्यप ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली कई शक्सियतों को सम्मानित किया गया। तो वहीं साहित्य के क्षेत्र में जिला कुल्लू का नाम रोशन करने वाले युवा कवित्री वैशाली बिष्ट को भी उनकी बेहतरीन उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।

# पावंटा साहिब में विशाल दंगल में पंजाब के चमकौर ने हरियाणा के दीपक को हराकर जीती माली



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

पांवटा साहिब में होली मेले के समापन समारोह के दौरान नगर पालिका की ओर से नगर पालिका मैदान में दंगल का आयोजन किया गया। इस आयोजन में नगर परिषद के उपाध्यक्ष ओपी कटरिया ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान कार्यकारी अधिकारी ठाकुर अजमेर सिंह ने बताया की पांवटा साहिब में पिछले दस दिन से चल रहे होली मेले का समापन आज कुश्ती के साथ हो गया। उन्होंने बताया कि इस दंगल में हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश के पुरुष महिला पहलवानों ने अपना दमखम दिखाया। इन कुश्तियों के मुकाबलो में 100 से अधिक महिला और पुरुष पहलवानों ने भाग लिया है। दंगल प्रतियोगिता मे माली जितने वाले पहलवान को 31000 रुपये का नगद इनाम दिया गया जबकि उपविजेता के पहलवान कों 21000 रुपए की धन राशि व शेर का स्टेचू इनाम में दिए गए।इस दौरान कुश्ती के माली मुकाबले में पंजाब के पटियाला शहर के पहलवान चमकौर हल्ला ने हरियाणा रोहतक के पहलवान दीपक को हरा कर माली अपने नाम कर इनामी राशि व पुरस्कार हासिल किया।

# मांगों को लेकर मुख्य संसदीय सचिव से मिले मल्टी टास्क वर्कर

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

परिधि गृह में पार्ट टाइम मल्टी टास्क वर्कर कुल्लू ब्लॉक-2 यूनियन ने अपनी मांगों को लेकर मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर से मुलाकात की। उप प्रधान लीला की अध्यक्षता में मिले पार्ट टाइम मल्टी टास्क वर्कर ने कहा कि शिक्षा विभाग में उनकी नियुक्ति की गई है। जिसमें अधिकतर विधवा, विकलांग, बीपीएल और अति निर्धन परिवार से संबंध रखने वाले लोग कार्यरत है। उन्होंने कहा कि उन्हें साल में सिर्फ 10 महीने का ही मानदेय



दिया जा रहा है। जबकि वह दैनिक वेतन भोगियों के बराबर कार्य कर रहे हैं। मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर से को उन्होंने अवगत करवाया की इस बजट में उनका जिक्र तक नहीं किया गया है। कुल्लू ब्लॉक-2 यूनियन के सभी मल्टी टास्क वर्करों ने मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर से सभी सदस्यों की मांग को राज्य सरकार के समक्ष रखने की मांग उठाई। इस दौरान उन्होंने कहा की उनकी मांगों पर जल्द से जल्द संज्ञान लिया जा सके। मल्टी टास्क वर्करों ने मुख्य संसदीय सचिव को बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस बजट सत्र में सभी वर्गों का ध्यान रखा है, परंतु मल्टी टास्क वर्करों के लिए कोई ठोस नीति या संशोधन का जिक्र भी नहीं किया। उनका कहना है कि उन्हें एसएमसी के अधीन रखा गया है और न ही वेतन में वृद्धि की जा रही है।

# मुख्य संसदीय सचिव शिक्षा संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हुए शामिल

**8 युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी की सुविधा के लिए पुस्तकालयों का निर्माण किया जाएगा**

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कुल्लू द्वारा आयोजित शिक्षा में सामुदायिक सहभागिता के अंतर्गत संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर ने कहां कि प्रदेश सरकार शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान कर रही है शिक्षा क्षेत्र गुणात्मक सुधार के लिए प्रदेश सरकार द्वारा अनेक कदम उठाए जा रहें



हैं। ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा प्रस्तुत बजट में शिक्षा के लिए के लिए 8 हजार 828 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। गुणात्मक शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है स्कूलों में सभी आधारभूत सुविधाएं व शिक्षकों के खाली पदों को भरने की प्रक्रिया को भी तेज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को उनके घर द्वार के निकट अंतरराष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक एक राजीव गांधी गवर्नमेंट मॉडल डे बोर्डिंग स्कूल खोलने का फैसला लिया गया है जिसके लिए वर्ष 2023-24 के बजट में 300 करोड़ पर रुपए का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि इन स्कूलों में सभी प्रकार की विश्वस्तरीय शैक्षणिक सुविधाओं के साथ-साथ विद्यार्थियों को खेलकूद व अन्य आउटडोर सुविधाएं जिनमें स्विमिंग पूल इत्यादि भी शामिल होंगे। सीपीस ने कहा कि कुल्लु विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी गवर्नमेंट मॉडल डे स्कूल की स्थापना के लिये पिरडी में 50 बीघा से अधिक जमीन का चयन किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी की सुविधा के लिए नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी की पंहुच तथा आवश्यक पुस्तकों सहित पुस्तकालयों का निर्माण किया जाएगा।



## न्यूज फ्लैश

### खानपुर कलां विवि में सेवा के बाद डिग्री हासिल करने के लगे आरोप

**सोनीपत:** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां में सेवा के दौरान नियमित रूप से कई डिग्री हासिल करने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता ने इस मामले की गंभीरता से जांच करवाने के लिए राज्यपाल के नाम शिकायत लिखी है। शिकायत में खानपुर कलां विश्वविद्यालय में सेवा काल के दौरान नियमों को ताक पर रखकर हासिल की सभी डिग्रियों का जिक्र भी किया गया है। शिकायतकर्ता अमित ने बताया कि खानपुर विश्वविद्यालय में एक महिला कर्मचारी अनुबंध पद विदेशी भाषा विभाग में अपनी सेवा दे रही है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि उक्त महिला कर्मचारी ने विश्वविद्यालय की अनुमति के बिना ही विभिन्न डिग्री नियमित तौर पर कई संस्थानों में दाखिला लेकर पूर्ण की है। महिला कर्मचारी ने नियमित तौर पर उपरोक्त अवधि खानपुर कलां विश्वविद्यालय में भी हाजिरी दी और अपने संस्थानों पर भी हाजिरी दी और विश्वविद्यालय खानपुर कलां से वेतन प्राप्त भी किया। उन्होंने बताया कि उक्त महिला कर्मचारी वर्ष-2012 से अपनी सेवा दे रही हैं। ऐसे में अब तक सेवा के दौरान नियमों के विरूद्ध जो नियमित तौर पर डिग्री हासिल की है उनकी जांच करवाई जाए।

### स्टोरीविवर ने गैट चिल्ड्रन रीडिंग अभियान की शुरूआत की

**नई दिल्ली। प्रथम** बुक्स, जोकि एक गैर सरकारी संगठन है, कि पहल स्टोरीवीवर ने वर्ल्ड स्टोरीटेलिंग डे के अवसर पर बच्चों में पढ़ने की आदत को विकसित करने के लिए गैट चिल्ड्रन रीडिंग अभियान की शुरूआत की है। इस वर्ष - वर्ल्ड स्टोरीटेलिंग डे की थीम 'टुगेदर वी कैन' को ध्यान में रखते हुए, हम चाहते हैं कि हम सभी एक साथ आएं और अपने बच्चों में पढ़ने की आदत को विकसित करने का प्रयास करें गैट चिल्ड्रन रीडिंग, इस अभियान में कोई भी हिस्सा ले सकता है जिसके लिए केवल एक क्लिक या क्यूआर कोड को स्कैन कर आप कहानियों की दुनिया में प्रवेश कर सकते हैं! बच्चों में पढ़ने की आदत को विकसित करने के उद्देश्य से एक प्रतिज्ञा लेते हैं, इसे अपने नेटवर्क में साझा कर सकते हैं ताकि अधिक से अधिक लोगों में पढ़ने की आदत को विकसित करने के लिए प्रेरित किया जा सके। इस अभियान के द्वारा 50 से अधिक भाषाओं के साथ एक विशेष रूप से क्यूरेट की गई पुस्तक तक पहुंच पाएंगे । बच्चों में पढ़ने और सीखने की आदत को विकसित करने के लक्ष्य के साथ अभियान 8 सितंबर, अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर समाप्त होगा। पुर्वी शाह, सीनियर डायरेक्टर, प्रथम बुक्स स्टोरीविवर का कहना है "बच्चों की विकास और ग्रोथ के लिए कहानियाँ बहुत महत्वपूर्ण है। यह नए शब्द और आईडियाज लेकर आते हैं जिससे बच्चे अपनी सीमा से भी आगे सोच सकते हैं। गेट चिल्ड्रन रीडिंग एक रीडिंग अभियान है और हम काफी उत्सुक है सभी के साथ इस आभियान को आगे बढ़ाने के लिए। एक साथ आकर एक एक कहानी पढ़कर हम एक रीडिंग भारत बना सकते हैं।ह्न युमन हुसैन, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर आजाद इंडिया फाउंडेशन ने कहा "सुरजपुरी में पढ़ना, बच्चों को उनके समुदाय के करीब लाता है। यह उन्हें बाकी लोगों के रिश्ते मजबूत करने में मदद करता है और याद दिलाता है की हम सब एक हैं। मुझे लगता है यह अभियान, उन छोटे बच्चों के लिए और भी ज्यादा फायदेमंद होगा जो अभी पढ़ना सीख रहे हैं।

### साड़ी फेस्टिवल और वूल फैब की सफलता के बाद, अब कॉटन हैंडलूम उत्पाद की उत्कृष्टता

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हथकरघा एक्सपो, एक विशेष हथकरघा और हस्तशिल्प प्रदर्शनी 14 मार्च 2023 को हथकरघा हाट, जनपथ, नई दिल्ली में शुरू हुई। यह प्रदर्शनी राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी) लिमिटेड के माध्यम से हथकरघा विकास आयुक्त कार्यालय, कपड़ा मंत्रालय, भारत सरकार की एक पहल है, जो हथकरघा बुनकरों और हस्तशिल्प कारीगरों को अपने हथकरघा उत्पादों को प्रदर्शित करने और बाजार में बेचने के लिए सीधी पहुंच प्रदान करती है। उपभोक्ताओं। प्रतिभागी विभिन्न राज्य सरकार निकायों/शीर्ष समितियों, प्राथमिक हथकरघा बुनकर सहकारी समितियों/हथकरघा एजेंसियों, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेताओं/राज्य पुरस्कार विजेताओं, उत्पादक समूह और हस्तशिल्प कारीगरों से हैं। इसमें 14 राज्यों के 80 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। हथकरघा क्षेत्र हमारे देश की समृद्ध और विविध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। यह 31 लाख लोगों को रोजगार देता है, जो देश में कृषि क्षेत्र के बाद दूसरे स्थान पर है। सदियों से, यह कौशल के अंतर-पीढ़ीगत हस्तांतरण द्वारा बनाए रखा गया है। क्षेत्र की ताकत समय के साथ विकसित उत्पादन तकनीकों में नवाचारों को अवशोषित करने, उपयोगकताओं की आवश्यकताओं के अनुकूल होने और सदियों से न केवल देश के भीतर बल्कि राष्ट्रीय सीमाओं से परे सभ्यताओं से भी परंपराओं की संपत्ति को अवशोषित करने के लचीलेपन में निहित है। हथकरघा कला से जुड़े पारंपरिक मूल्य हैं, और प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्ट किस्में हैं। वाराणसी ब्रोकेड, तंगालिया, पश्मीना शॉल, तुषार साड़ी, मधुबनी पेंटिंग आदि जैसे उत्पादों की विशिष्टता दुनिया भर के ग्राहकों को विशिष्ट कला, बुनाई, डिजाइन और पारंपरिक रूपांकनों के साथ आकर्षित करती है।

# विधायक विज के प्रयास लाए रंग, लागू हुई सब डिवीजन पॉलिसी

## शहर की 20 कालोनियों को मिलेगा लाभ, विधायक विज के द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे थे

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**सरकार** द्वारा पिछले साल की 22 जुलाईको 2022 को लागू की गई सब डिवीजन की पॉलिसी जो बीते जनवरी माह में बंद कर दी गई थी, उसे लागू करने के लिए पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज के द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे थे, अब विधायक के प्रयास रंग लाए है और पॉलिसी को फिर से हमेशा के लिए लागू कर दिया गया है । पॉलिसी दोबारा लागू होने पर विधायक विज का कहना है की सरकार ने इस पॉलिसी को बीते साल 6 माह के लागू किया था किन्तु पॉलिसी में कुछ कमियां होने और पॉलिसी के जल्द बंद होने की वजह से सभी को इसका लाभ नही मिल पाया था।



अब पॉलिसी को फिर से लागू कर दिया गया है और इसके लिये वे मुख्यमंत्री मनोहर लाल और शहरीस्थानीय निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता का आभार व्यक्त करते है। वहीं विधायक ने कहा कि सभी पात्र पॉलिसी का लाभ लेने के लिये आवेदन करे और कोई समस्या आती है तो वे समाधान करवायेगे।

### पॉलिसी लागू होने से शहर की 20 से ज्यादा कालोनियों को होगा लाभः प्रमोद विज

**प्लाटो** का अब सब डिवीजन किया जा सकेगा और पॉलिसी के अनुसार 50 गज तक के ही प्लॉट डिवीजन मान्य होगा। प्लाट में पहले फ्रंट वॉल नही बनाई जा सकती थी पर अब बनाई जा सकेगी। इसकी अवधि अब 6 माह से बढ़ा करके हमेशा के लिए लागू कर दी गई है। इस पॉलिसी के लागू होने से रिहेबीटेशन जोन, टीपी स्कीम और इंप्रूवमेंट ट्रस्ट स्कीम के तहत शहर की 20 कॉलोनियों को लाभ मिलेगा। जिसमें मॉडल टाउन, राम नगर, कच्चा कैंप, पुराना हाउसिंग बोर्ड देवी मंदिर,गीता कॉलोनी,आईबी स्कूल के पीछे, नारायण सिंह पार्क, नेहरु नगर, पटेल नगर, ग्रीन पार्क, फ्रेंड्स कॉलोनी, असंध रोड, भाटिया कॉलोनी, किशोर गार्डन शामिल है।

## वायरल बुखार ने बरपाया कहर

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**जिले** में वायरल बुखार का प्रकोप कम होने का नाम नहीं ले रहा है। जिले के नागरिक अस्पतलों व निजी अस्पतालों में बुखार से ग्रस्त मरीजों की भीड़ बढ़ती जा रही है। लोग बुखार से ग्रस्त होने पर अस्पतालों में ज्यादा संख्या में पहुंचने लगे है। बुखार होने पर मरीज में खांसी का प्रभाव ज्यादा देखने को मिल रहा है। बदलता मौसम भी वायरल बुखार के बढ़ने का कारण माना जा रहा है। चिकित्सकों की राय है कि सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। वहीं खासकर बच्चों व बुजुर्गो की तरफ बदलते मौसम में ज्यादा सावधानी रखने की जरूरत है।

बता दें कि नागरिक अस्पताल में हर रोज 1400 से 1500 मरीजों की संख्या उपचार करवाने के लिए आती है। हाल के दिनों में उक्त ओपीडी संख्या 2000 से ज्यादा देखी जा रही है। मरीजों में सबसे ज्यादा वायरल बुखार से ग्रस्त मरीज अस्पताल में पहुंच रहे है। अस्पताल के रजिस्ट्रेशन काउंटर पर सुबह आठ बजे से लंबी लाइनें देखने को मिल रही है। वहीं ओपीडी में भीड़ होने के चलते लोगों को परेशानी का सामना करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। दिन में गर्मी रात को सर्दी होने के चलते लोगों पर विपरित प्रभाव देखने को मिल रहा है। दो दिन से जिले में हो रही बारिश के चलते मौसम में ज्यादा बदलाव देखने को मिला है। जिसका खामियाजा आमजन में बढ़ रहा वायरल बुखार है। ओपीडी में 700 के करीब बुखार के मरीज, खांसी कर रही परेशान-

सोमवार को नागरिक अस्पताल में सुबह आठ बजे से रजिस्ट्रेशन कांउटर के बाहर लंबी लाइनें लगनी शुरू हो गई। फिजीशियन डा.शलैंद्र राणा ने बताया कि उक्त दिनों में हर रोज 700 से ज्यादा मरीजों की ओपीडी वायरल बुखार वालों की हो रही है।

## विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस पर नागरिक अस्पताल में विभिन प्रकार की गतिविधियां का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**विश्व** मौखिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष में अस्पताल परिसर में जिला स्वास्थ्य अधिकारी व उप स्वास्थ्य अधिकारी के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियां व नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमे बच्चों के द्वारा नाटकीय रूप में लोगों को दांतो की बीमारियों के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम में नाटक के माध्यम से जानकारी दी गई। वहीं पूरी रुचि के साथ लोगों ने कार्यक्रम को देखा। विभाग की तरफ से लोगों को जागरूक करने के लिए एक्शन बालाजी कैंसर अस्पताल से एक टीम बुलाई गई। जिसने मुख कैंसर होने के लक्षण व कारण बताए ओर उनसे बचाव के तरीके बताए। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डा. अनीता ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी को दिन में दो बार ब्रूस करनी चाहिए और चिप-चिपे पदार्थो का सेवन कम से कम करना चाहिए व बीड़ी सिगरेट व तम्बाकू का सेवन नही करना चाहिए। जिससे मुख की बीमारियो से बचा जा सके। मौखिक स्वास्थ्य का ध्यान न रखने से हमारे शरीर में अन्य बीमारी भी उत्पन्न हो जाती है, जैसे मधुमेह, ह्रदय रोग इत्यादि। इस उपलक्ष पर जिला सोनीपत कि सभी सीएचओ को ट्रेनिंग दी गई। जिसमे डा. अनीता ने मुख कैंसर कि बारे में विस्तार से बताया की मुख कैंसर होने के क्या कारण होते है,और इनसे कैसे बचा जा सकता है। इसके उपचार के बारे में विस्तार से बताया ताकि सभी सीएचओ ज्यादा से ज्यादा लोगो को मुख कैंसर के बारे में जागरूक कर सकें।

जिससे सभी को ऐसी गंभीर बीमारियों से बचाया जा सके। इस दौरान जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. जयकिशोर, अस्पताल के कार्यकारी प्रधान चिकित्सक अधिकारी डा. गिन्नी लांबा, डा. संदीप लठवाल, स्वास्थ्य कर्मी रीना, सुमन, सरिता सहित अन्य मौजूद रहे।

## अनाज मंडी में दो आढ़तियों के बरामदे में रखी 13 बोरियां सरसो चोरी

**पानीपतः पानीपत** अनाज मंडी में दुकान नंबर 129 के बरामदे में रखी सरसो की 11 बोरियां रविवार रात को चोरी हो गई। सीसीटीवी में एक वेगन आर कार में चोर सरसो से भरी बोरियां रखकर लेकर जाते हुए दिखाई दे रहे है। वहीं सोमवार को जेएस ट्रेडिंग के मालिक विरेंद्र कादियान निवासी सिवाह ने बताया कि मौसम खराब होने से सरसो से भरी 57 बोरियों को दुकान के बरामदे में रखवाया हुआ था और रविवार देर रात को उनमें से सरसो की 11 बोरियां चोरी कर ली गई। उन्होंने सोमवार को सुबह दुसरे आढ़तियों के साथ साथ वाली दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फूटेज देखी तो चोर एक वेगन आर कार में रखकर सरसो की बोरियों को लेकर जाते हुए दिखाई दे रहे है।

## पानीपत अनाज मंडी में केवल सरकारी दुकान पर हुई सरसों की खरीद

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**पानीपत** अनाज मंडी में मौसम खराब होने से सोमवार को सरसो की आवक कम हुई और बारिश के चलते किसानों ने मंडी के शैड के नीचे ही अपनी सरसो को ट्रालियों से उतरवाया गया। हैफेड ने सोमवार को पानीपत मंडी में सरकारी दुकान पर ही सिर्फ 52 क्विंटल सरसो की खरीद की । बारिश की वजह से सरसो में नमी होने से प्राईवेट खरीददारों ने भी सरसो को नही खरीदा। वहीं पानीपत अनाज मंडी के आढ़तियों की सोमवार को दोपहर बाद अनाज मंडी में बैठक हुई। जिसमें आढ़तियों ने कहा कि सरकार ने अब पानीपत मंडी में सिर्फ सरकारी दुकान पर ही सरसो की खरीद



करने का फैसला लिया है और आढ़तियों की दुकानों पर सरसो की सरकारी खरीद नहीं होगी। अनाज मंडी के प्रधान धर्मबीर मलिक, उपप्रधान दुलीचंद, महासचिव दिनेश, संजु देशवाल व मनोज आदि ने बताया कि सरकार जानबूझकर आढ़तियों की अनदेखी कर रही है। सरकार ने सरसो में तेल की मात्रा का समाधान करने की बजाए अब अनाज मंडी में स्थित सरकारी दुकान पर ही सरसो की खरीद करने की बात कही है। आढ़तियों ने कहा कि एक दुकान पर ही इतने किसानों की सरसो कैसे खरीदी जाएगी। आढ़तियों ने कहा कि मंडी के आढ़ती सरकारी दुकान पर सरसो की खरीद में कोई सहयोग नहीं करेंगे और सरकारी दुकान पर खरीद के लिये आढ़ती अपनी लेबर व कांटें आदि नही देंगे।

# विश्व से जाट समाज से लोग जुटे चंडीगढ़ में

## अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के हरियाणा प्रतिनिधि डॉ नवीन नैन भालसी ने जताया समाज के लोगों का आभार

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**अंतर्राष्ट्रीय** जाट संसद के संयोजक रामावतार पलसानिया व पीएस कलवानियां व अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के हरियाणा प्रतिनिधि डॉ नवीन नैन भालसी ने इन्द्रधनुष ऑडिटोरियम,पंचकूला के राष्ट्रीय जाट अधिवेशन में पधारे सभी मेहमानों को बुके भेंट करके व राजस्थानी साफा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि जाट समाज का इतिहास इतना गरिमापूर्ण व बलवान है परन्तु इतिहासकारों ने समाज के लिए बलिदान देने वालों के लिए न्याय नही किया,उन्होंने वीर



गोकुला जाट का उदाहरण देते हुए बताया कि 20000 जाटों की फौज तैयार करके ओरगजेंब से तीन बार युद्ध लड़े व उनकी फौज मे लडाके बिना वेतन के काम करते थे। उन्होंने बताया कि महाराजा सूरजमल व महाराजा रणजीत सिंह कभी भी युद्ध में पराजित नहीं हुए। इस दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर गुजरात के महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत जी,चौधरी अभय सिंह चौटाला ,चौधरी विरेंद्र सिंह, जम्मू-कश्मीर से पूर्व केबिनेट मंत्री सरदार मंजीत सिंह चहल,पूर्व विधायक विक्रम सिंह रंधावा जम्मू-कश्मीर,चरखी दादरी से विधायक सोमबीर सांगवान,चौधरी विरेंद्र सिंह कादियान आप पार्टी से विधायक दिल्ली, बैंगलुरु से उद्योगपति राम सिंह कुल्हरी,कांग्रेस पार्टी प्रवक्ता पंजाब अमृत कौर गिल, हरियाणवी सुपर स्टार बिन्दर दनौदा, केडी रोक्स्टार,अमीत ढुल, दीप सिसाय उद्योगपति,चौधरी प्रेम सिंह भालसी उद्योगपति,दादा बलजीत सिंह मलिक खाप प्रधान, रोहित अहलावत लंदन, मोहित नैन आस्ट्रेलिया, प्रवीन दलाल कनाडा, बालेन्दर सिंह कुण्डु अमेरिका,अनुज तालियान वर्ल्ड चैम्पियन-बॉडी बिल्डर, विपनेस चौधरी गोल्ड मेडलिस्ट बॉडी बिल्डर,पवन जाखड बॉडी बिल्डर, नीरज गोयत अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर आदि का पहुंचने पर अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के हरियाणा प्रतिनिधि डॉ नवीन नैन भालसी ने स्वागत व सत्कार किया।

## व्हाइट लिली सोसायटी के फ्लैट में घुसकर आरडब्ल्यूए सदस्य को पीटा

**8** घायल ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**बहालगढ़ थाना** क्षेत्र में सोसायटी के आरडब्ल्यूए के सदस्य को घर के अंदर घुसकर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। घायल ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है। सेक्टर-8 व्हाइट लिली सोसायटी निवासी ओमप्रकाश ने बताया कि उसके घर पर पांच बजे घंटी बजी। उसने उठकर दरवाजा खोल तो सोसायटी में रहने वाले व्यक्ति अपने बेटों के साथ घर के अंदर घुस आया। उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। उसके मुंह पर थपड़, मुक्के मारे। उसके बाद उसका सिर दीवार में मारा। जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो यगा। उसके मुंह पर सूजन आ गई। मारपीट करने के मामले में वीडियों उसकी बेटी बनाने लगी तो हमलावरों ने उसके साथ अभद्रता करना शुरू कर दिया। उसके पत्नी व बेटी के साथ अभद्रता कर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में पहुंचे। जहां उपचार के बाद उसे छुट्टी मिल गई। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

## व्हाट्सएप पर संदेश भेजकर धोखाधड़ी से खाते में डलवाए दस हजार रुपये

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**शहर** थाना क्षेत्र के अशोक विहार के रहने वाले व्यक्ति के व्हाट्सएप पर संदेश भेजकर धोखाधड़ी से 10 हजार रुपये डलवाने का मामला सामने आया है। ठग ने जिस व्हाट्सएप से संदेश भेजे उस पर पीड़ित के दोस्त का फोटो लगा था। उसने एक नंबर भेजकर उसमें रुपये डलवा लिये। जब वह फिर से रुपये की मांग करने लगा तो पीड़ित को शिकायत हो गया। बाद में ठग ने मोबाइल बंद कर लिये। जब पीड़ित अपने दोस्त के घर पहुंचा तो मामले का पता लगा। जिस पर पुलिस को अवगत कराया। अशोक विहार निवासी अरुण ने बताया कि देवेंद्र मेहला उनके दोस्त है। उनके व्हाट्सएप पर 26 फरवरी को एक नंबर से संदेश आया था। संदेश भेजने वाले ने डीपी पर उनके दोस्त देवेंद्र मेहला का फोटो लगा रखा था। उन्हें लगा कि उनके दोस्त संदेश भेज रहे है।

## पंचकूला में राज्य स्तरीय ब्रिगेड ऑफिसर ट्रेनिंग कैंप का हुआ आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**जिला** उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष अनीश यादव के कुशल मार्गदर्शन में भारतीय रेडक्रॉस/सेंट जॉन एंबुलेंस (इंडिया), चंडीगढ़ द्वारा लक्ष्मी भवन माता मनसा देवी पंचकूला में राज्य स्तरीय ब्रिगेड ऑफिसर ट्रेनिंग कैंप में जिला करनाल से शिक्षा विभाग एवं संस्थान के साथ ब्रिगेड ऑफिसर ने कार्यवाहक जिला प्रशिक्षण अधिकारी राजपाल चौधरी के नेतृत्व में भाग लिया।
जिला रेडक्रॉस



सचिव कुलबीर मलिक ने बताया कि जिला स्तर पर आपदा प्रबंधन के लिए ब्रिगेड डिवीजन के निर्माण व संचालन किस प्रकार किया जाना है। इसके लिए पंचकूला में ब्रिगेड ऑफिसर ट्रेनिंग कैंप लगाया गया, जिसमें जिला करनाल के कार्यवाहक जिला प्रशिक्षण अधिकारी, राजपाल चौधरी एवं शिक्षा विभाग से डा. नीना, राकेश कुमार, मोहिनी, शिवानी शर्मा, अंकिता व शिवांग शर्मा ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि किसी भी आपदा जैसे भूकंप बाढ़, आगजनी व महामारीओं से निपटने के लिए जिला स्तर पर स्कूल कालेज व गैर सरकारी संगठनों की सहायता से ब्रिगेड डिवीजनाओं का निर्माण किया जाना है, जिनमें ऐसे कैन्डीडेट तैयार किए जाएंगे जो किसी भी आपदा के समय अपनी सेवाएं देने के लिए तैयार रहेंगे।
इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ के संयुक्त सचिव अनिल जोशी, राज्य प्रशिक्षण अधिकारी संजीव धीमान राष्ट्रीय मुख्यालय के डिप्टी कमिश्नर आरके खेर ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

# हर क्षेत्र में काम करने वाले श्रेष्ठ कलाकारों को मिले एक्सीलेंसी अवार्ड

## सरकार ने साथ दिया तो फिल्म फेस्टिवल की परंपरा हर वर्ष कायम रहेगी: धर्मेंद्र डांगी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**पंडित चिरंजीलाल** शर्मा गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में पांच दिन तक चले इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का आगाज जितना शानदार था, अंजाम उतना ही भावभीना। फिल्म, शार्ट फिल्म, फीचर फिल्म, वीडियो म्यूजिक, फिल्म निर्माण, निमार्ता, निदेशक, डॉक्यूमेंट्री, आईकॉन, बेस्ट अभिनेता, अभिनेत्री, लेखन, मीडिया सभी कैटगिरी में कलाकारों को अवार्ड देकर नवाजा गया।
दर्शकदीर्घा में बैठे कलाकार साथियों की तालियां इस बात का इजहार कर रही थी कि बरसों बाद जिन कलाकरों को उनकी मेहनत का पुरस्कार दिया जा रहा है, वे कलाकार उसे डिजर्व करते हैं। इस कड़ी में पंडित जसराज हरियाणा रत्न अवार्ड 70 व 80 के जाने माने गायक सरदार जसपाल सिंह, ओमपुरी लाइफ टाइम अवार्ड अनूप लाठर, देवी शंकर प्रभाकर लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड रेखा वर्मा, हरियाणवी लिटरेरी एक्सीलेंसी अवार्ड जगबीर राठी, हरियाणा फॉक आईकॉन अवार्ड रघुबीर मलिक और वेद कुमार हरियाणा एक्लीलेंसी अवार्ड डा. सुमन मंजरी को दिया गया।
इसी कड़ी में स्मिता पाटिल एक्लीलेंस अवार्ड श्वेता मेनन, हिफ अवार्ड ऑफ एक्लीलेंस. तनि भट्टाचार्य, बेस्ट फीचर फिल्म कांची, बेस्ट फीचर

**8** बाद में टीसीरिज गायक कीर्ति मान ने ऐसा समा बांधा कि सभी मंच पर नाचते झूमते रहे

फिल्म डॉयरेक्टर आशीष नेहरा पिंजरे की तितलियां, बेस्ट सुपोर्टिंग एक्टर मोहन कांत, बेस्ट सुपोर्टिंग एक्टर अचूति देओल, बेस्ट एक्टर अवार्ड अनिल सिंह को मिड डे मील के लिए अवार्ड देकर नवाजा गया। विजेताओं को अवार्ड व पुरस्कार एसपी चौहान द स्ट्रगलिंग मैन के असल नायक एसपी चौहान, फेस्टिवल डॉयरेक्टर धर्मेंद्र डांगी, प्रिंसिपल डा. सरिता व अन्यों ने दिए। फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट शॉर्ट फिल्म-डेजी डिजर्ट और बेस्ट डॉक्यूमेंट्री का खिताब बिग सोशल नोमड ने जीता। हरदिल अजीज अभिनेता कृष्ण मलिक की याद गाम की आवै बेस्ट वीडियो फिल्म के रूप में चुनी गई। इस वीडियो फिल्म के लिए विशाल काठपाल, एक्सीडेंट से हाल ही में बुरी तरह घायल हुए हर्ष गहलोत को बेस्ट एक्टर के अवार्ड से नवाजा गया, हर्ष गहलोत के घायल होने के कारण उनके माता पिता ने बेस्ट एक्टर का अवार्ड हासिल किया। इसी तरह राजेश अमरलाल बब्बर को कॉलेज कांड वेब सीरिज के लिए बेस्ट डॉयरेक्टर का अवार्ड दिया गया।
इसी कड़ी में वीएचसीए के एमडी व जाने माने बालों के डॉक्टर मुकेश अग्रवाल, उनकी धर्मपत्नि अनुराधा अग्रवाल को आयुर्वेद व समाज में विशेष योगदान के लिए परिवार सहित सम्मानित किया। सोशल एक्टिविस्ट गुरविंद्र कौर, सुषमा मक्कड और समाजसेवी अनिता शर्मा को भी उनके विशेष कार्यों के लिए अवार्ड दिए गए। वहीं टीसीरिज फेम गायक कीर्ति मान, गायक व गीत लेखक हरबिंद्र कंग, मुंबई कोरियोग्राफर सन्नी को भी अवार्ड से नवाजा गया। बाद में टीसीरिज गायक कीर्ति मान ने ऐसा समा बांधा कि सभी मंच पर नाचते झूमते रहे।

# 'आम जनता तक जन सेवाओं का समयबद्ध तरीके से लाभ पहुंचाना प्रशासन का दायित्व'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जन सेवाओं** का समयबद्ध तरीके से लाभ आम जनता तक पहुंचाना प्रशासन का सर्वोत्तम दायित्व है। जिला में कार्यरत सभी अधिकारी व कर्मचारी यह सुनिश्चत करें कि कार्यालयों में आगुन्तक का कार्य राइट टू सर्विस एक्ट के अनुसार तय की गई समय सीमा में कार्य करें। उपायुक्त अनीश यादव ने सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों व कर्मचारियों को यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभागों से सम्बधित

**8** निश्चित रूप से समय की बचत होगी। यह समय हम अपना कार्य और बेहतर तरीके से करने में उपयोग कर सकते हैं

जन सेवाओं के रैंक की तुलना दूसरे जिलों से करके अपने कार्य को बेहतरीन बनाएं, किसी जिले से पीछे ना रहे। उपायुक्त ने कहा कि आई टी की नई-नई तकनीकों से वर्क कल्चर में तेजी से हो रहे बदलावों के कारण कार्यशैली में सुधार एक सत्द्त प्रक्रिया है और हमें बदलते हुए परिवेश के अनुसार ढ़ालना होगा, तभी हम प्रशासनिक दायित्व की जिम्मेदारी सही तरीके से निभा पाएंगे। उन्होंने कहा कि अधिकारी व कर्मचारी आई टी की नई तकनीकों को अपनाते हुए अपने आप को जन सेवक समझकर कार्य करें, आधा बदलाव उसी समय आ जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर हम पारदर्शिता और राइट टू सर्विस एक्ट के दायरे में आमजन को सेवा मुहैया करवाते हैं तो शिकायत भी कम होंगी। शिकायतें कम होने से निश्चित रूप से समय की बचत होगी। यह समय हम अपना कार्य और बेहतर तरीके से करने में उपयोग कर सकते हैं।

## संपादकीय

# आओ परिस्थितियों से लड़कर इतिहास रचें

**वैश्विक** स्तरपर खुशियों या सकारात्मक परिस्थितियों में तो हर व्यक्ति जीवन जीनें को आतुर रहता है, परंतु सृष्टि का यह नियम है कि हमेशा ऐसा नहीं होता, जीवन का चक्र घूमते रहता है। यदि आज सकारात्मक परिस्थितियां हैं तो कल नकारात्मक परिस्थितियां भी आनी ही है! जिससे हमें मुकाबला कर आगे बढ़ना है और स्थितियों पर परिस्थितियों से निपट कर सफलता के झंडे गाड़कर इतिहास रचना है। जो खुद में स्थिर होते हैं, हर परिस्थितियों से लड़ते हैं, वही अपने जीवन में इतिहास रखते हैं। क्योंकि जब हम निर्भीकता से विपत्तियों का मुकाबला करने के लिए कटिबद्ध होंगे त्योहिं विपत्तियां दुम दबाकर भाग खड़ी होगी। इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से विभिन्न विचारों को समाहित करते हुए चर्चा करेंगे,आओपरिस्थितियों से लड़ कर इतिहास रचें। साथियों बात अगर हम मानवीय जीवन में परीक्षा की घड़ी की करें तो अनुकूल परिस्थितियों में तो सभी सटीकता से जीवन यापन करने और अपने आप को सुदृढ़ और सुलझा हुआ कहने लगते हैं परंतु असली व्यक्तित्व और सटीकता का पता तो तब चलता है जब विपरीत परिस्थितियों में भी स्थिरता के से मुकाबला कर उन्हें अनुकूल बनाकर इतिहास रचते हैं। असल में हमें विपरीत परिस्थितियों में हिम्मत रखना और जिंदगी में जो भी परिस्थितियां हो उसका डटकर सामना करना हमारी जिंदगी में जो भी समस्या हो उन समस्याओं का हल निकालना और उन समस्याओं का हल निकालते और लड़ते-लड़ते मर जाना बेहतर है। किसी भी समस्या से भागना नहीं चाहिए विकट परिस्थितियों में जूजते रहेंगे तो हमारी समस्याओं का हल अपने आप निकलता रहेगा और आने वाली पीढ़ी के लिए समस्याओं का निराकरण भी लाएंगे और हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए आदर्श भी बनेंगे जो लोग समस्याओं से लड़ते हैं और उसका हल निकालते हैं और डरते नहीं है, वही लोग महान हैं। साथियों बात अगर हम सटीक कहावत मानव परिस्थितियों का दास होता है और उस दास शब्द को अस्वीकार करने की करें तो, मुश्किल परिस्थितियों से बाहर निकलने के लिए हमें सर्वप्रथम उन वजहों को समझने का प्रयास करना चाहिए जिनके चलतेये परिस्थितियाँ पैदा हुईहैं।परिस्थितियों पर बारिकी से नजर रखते हुए सब्रके साथपरिस्थितियों का सामना करने का प्रयास करना चाहिए,जो परिस्थितियाँ हमारे बस में ना हों उनके लिए अधिक चिंतित हम ना हों । वे समय के साथ खुद ब खुद सामान्य हो जाएँगी। हर हालत में धैर्यवान बने रहकर ईश्वर अल्लाह (समय) पर भरोसा करना चाहिए। समय से बलवान कोई नहीं।चाहे कितनी भी मुश्किल परिस्थिति हो समय बीतने के साथ-साथ मुश्किल से मुश्किल परिस्थितियों को बदलकर सामान्य होते देर नहीं लगतीं। कितना भी गहन अंधकार वाली रात्रि हो कुछ पलों में सूर्योदय अवश्यंभावी है। साथियों वह नियति हो या फिर परिस्थिति कोई फर्क नहीं पड़ता और जीवन में अच्छे और बुरे दोनों वक्त आते हैं। जिस तरह से हम अच्छे वक्त को संभालना बचपन से जानते हैं, उसी तरीके से हमें बुरे वक्त को भी संभालना सीखना चाहिए किस तरीकेसे हम इनको संभाले कि यहपरिस्थितियां कभी भी हमारे जीवन में ऐसी परिस्थिति ना क्रिएट करें की हम टूट कर बिखर जाएं यदि टूट कर बिखर भी जाएं तो स्वयं को जोड़कर पुनःखड़ा होने की हिम्मत अपने अंदर रखनी चाहिए। जीवन में जीवन से ज्यादा कुछ भी महत्वपूर्ण नहीं होता परंतु अक्सर देखा जाता है कि इंसान छोटी-छोटी बातों को लेकर के भी आत्महत्या कर लेता है या फिर कोई ऐसा कदम उठा लेता है जिसकी हम कल्पना भी नहीं करते इन्हीं सब से निपटने के लिए हमें स्वयं को मानसिक रूप से सबल बनाना होता है।

# क्या राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता खत्म हो सकती हैं?



अशोक भाटिया

> "उन पर काम में बाधा डालने, कुछ अधिकारियों को धमकाने, शोषण करने और झूठे मुकदमे में फंसाने का आरोप था।इसके बाद संसद में साधारण प्रस्ताव के जरिए 20 दिसंबर 1978 को उनकी संसद सदस्यता खत्म कर दी गई थी। साथ ही सत्र चलने तक जेल भेजने का आदेश दिया गया था। हालांकि एक महीने बाद लोकसभा ने उनका निष्कासन वापस ले लिया था।व 26 दिसंबर 1978 को इंदिरा गांधी को जेल से रिहा किया गया था।चौथा दिसंबर 2005 में एजजी मुद्गल जैसा मामला दोबारा सामने आया। एक टीवी चैनल के स्टिंग ऑपरेशन में कई पार्टियों के 11 सांसद संसद में सवाल पूछने के लिए पैसे लेते नजर आए"

**कांग्रेस** सांसद राहुल गांधी के लंदन में दिए गए बयान पर पिछले हफ्ते से एक दिन भी संसद नहीं चल पाई। भारत में 'लोकतंत्र पर क्रूर हमले' के राहुल के बयान पर भाजपा हमलावर है। वह राहुल गांधी से बिना शर्त माफी की मांग कर रही है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने संसद में राहुल गांधी के खिलाफ विशेष समिति बनाकर उनकी सदस्यता खत्म करने की मांग की है। प्रश्न यह उठता है कि क्या ऐसे में किसी सांसद की सदस्यता जा सकती है? क्या है सांसद की सदस्यता खत्म करने का नियम? भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा में प्रक्रिया और कार्य संचालन के नियम 223 के तहत लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखा है। क्या राहुल गांधी की सदस्यता खत्म की जा सकती है यह जानने के पहले यह जानना जरुर है कि पहले कब-कब आए ऐसे मामले जिसमें संसद सदस्य की सदस्यता जा सकती हैं ? इसके आलावा राहुल की सदस्यता खत्म करने में भाजपा की चिंता क्या है? इसके लिए हमें विस्तार से जानना होगा ।

सबसे पहले कि राहुल गांधी ने ब्रिटेन दौरे पर ऐसा क्या बोला, जिस पर हंगामा मचा है के जवाब में बताया जा रहा हैं कि राहुल गांधी इस साल फरवरी और मार्च में जब ब्रिटेन के दौरे पर गए थे तब राहुल ने कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में लर्निंग टू लिसेन इन द 21२३ सेंचुरी कार्यक्रम में कहा था कि भारत में सभी स्वतंत्र एजेंसियों पर कब्जा हो गया है और इसी के चलते देश में लोकतंत्र खतरे में हैं।उन्होंने कहा था कि भारत में विपक्ष के साथ लोगों की आवाज दबाई जा रही है। चाहे संसद, न्यायालय, प्रेस या चुनाव आयोग हो, सभी पर किसी न किसी प्रकार से नियंत्रण किया जा चुका है।राहुल गांधी लंदन में ब्रिटिश सांसदों को संबोधित करते हुए कहा था कि संसद में काम कर रहे माइक्रोफोन को अक्सर विपक्ष के बोलने पर बंद कर दिया जाता है। यह सब उस समय कहा गया था जब राहुल गांधी कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में विजिटिंग फेलो के तौर पर पहुंचे थे। उन्होंने यहां से डेवलपमेंट स्टडी में 1995 में एमफिल किया था। दूसरा सवाल यह है कि राहुल के बयान पर भाजपा को क्या आपत्ति है और उसकी मांग क्या है के जवाब में बताया जाता है कि संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण 14 मार्च से शुरू हुआ था । सत्र के शुरू होते ही भाजपा ने कहा कि चूँकि राहुल गांधी ने यूरोप और अमेरिका में अपने बयानों से लगातार संसद और देश की गरिमा को धूमिल किया है।इसलिए भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्?डा, राजनाथ सिंह और पीयूष गोयल ने राहुल को देश से माफी मांगने को कहा। नड्?डा ने कहा कि दुर्भाग्य की बात यह है कि कांग्रेस देश विरोधी गतिविधियों में शामिल हो गई है। जनता के बार-बार नकारे जाने के बाद राहुल गांधी इस देश विरोधी टूलकिट का एक परमानेंट हिस्सा बन गए हैं। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा स्पीकर पत्र लिखा है कि राहुल गांधी के आचरण को या तो विशेषाधिकार कमेटी या विशेष कमेटी की ओर से जांचे जाने की जरूरत है। इसके बाद सदन को विचार करना चाहिए कि क्या ऐसे सदस्य की सदस्यता खत्म कर देनी चाहिए ताकि संसद और अन्य लोकतांत्रिक संस्थानों की रक्षा की जा सके। उन्होंने लिखा कि यह स्पष्ट संदेश दिए जाने की जरूरत है कि आगे से कोई भी उच्च संस्थानों के गौरव और सम्मान से खिलवाड़ नहीं कर सके। अब सवाल यह उठता है कि आज तक सांसदों को सत्र से सस्पेंड के बारे में तो सुना था, क्या किसी सांसद की सदस्यता भी खत्म की जा सकती है? के बारे में जानकारों का कहना है कि सांसदों की सदस्यता भी खत्म की जा सकती है। संविधान में सदस्यता खत्म करने का कोई नियम नहीं है, लेकिन सदन प्रस्ताव करके किसी भी सदस्य की सदस्यता समाप्त कर सकता है। आजाद भारत के इतिहास में इसके 4 उदाहरण भी मिलते हैं। पहला आजादी के बाद अस्थाई संसद के सदस्य कांग्रेस नेता एचजी मुद्गल पर 1951 में संसद में सवाल पूछने के लिए पैसे लेने का आरोप लगा था। उस वक्त प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने मामले की जांच के लिए संसद में एक कमेटी बनाने का प्रस्ताव पारित कराया।कमेटी ने मुद्गल को दोषी पाया और उनकी सदस्यता रद्द कर दी गई।

हालांकि, संसद में प्रस्ताव आने से पहले ही मुद्गल ने इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद भी प्रस्ताव लाया गया था। दूसरा साल 1976 में आपातकाल के दौरान सुब्रमण्यम स्वामी जन संघ के नेता थे और राज्यसभा सांसद थे। उस वक्त स्वामी पर देश-विरोधी प्रोपेगैंडा में शामिल होने और संसद और देश के महत्वपूर्ण संस्?थानों को बदनाम करने के आरोप लगा।इसके बाद संसद में 10 सदस्यों की एक कमेटी बनाई गई। जांच के बाद कमेटी ने 15 नवंबर 1976 को स्वामी को दोषी बताते हुए राज्यसभा से निष्कासित कर दिया था। तीसरा साल 1978 में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर विशेषाधिकार हनन और सदन की अवमानना का आरोप लगाया गया था। उन पर काम में बाधा डालने, कुछ अधिकारियों को धमकाने, शोषण करने और झूठे मुकदमे में फंसाने का आरोप था।इसके बाद संसद में साधारण प्रस्ताव के जरिए 20 दिसंबर 1978 को उनकी संसद सदस्यता खत्म कर दी गई थी। साथ ही सत्र चलने तक जेल भेजने का आदेश दिया गया था। हालांकि एक महीने बाद लोकसभा ने उनका निष्कासन वापस ले लिया था।व 26 दिसंबर 1978 को इंदिरा गांधी को जेल से रिहा किया गया था।चौथा दिसंबर 2005 में एजजी मुद्गल जैसा मामला दोबारा सामने आया। एक टीवी चैनल के स्टिंग ऑपरेशन में कई पार्टियों के 11 सांसद संसद में सवाल पूछने के लिए पैसे लेते नजर आए। इसमें 10 लोकसभा और 1 राज्यसभा सांसद थे। सांसदों के काम को भ्रष्ट और अनैतिक बताया गया।लोकसभा ने कांग्रेस सांसद पवन कुमार बंसल के नेतृत्व में 5 सदस्यीय विशेष कमेटी बनाई। कमेटी में भाजपा के वी के मल्होत्रा, सपा के राम गोपाल यादव, सीपीआई-एम के मोहम्मद सलीम और डीएमके सी कुप्पुसामी शामिल थे। राज्यसभा में जांच सदन की एथिक्स कमेटी ने की।इसके बाद कमेटी ने लोकसभा में 38 पेज की रिपोर्ट पेश की। इसमें सांसदों को दोषी पाया गया। इसके बाद संसद में एक प्रस्ताव के जरिए इन 11 सांसदों की सदस्यता खत्म कर दी गई। अब घूम फिर कर वही सवाल उठता है कि क्या मौजूदा मामले में राहुल की सदस्यता खत्म की जा सकती है?इसके जवाब में बताया जाता है कि अब तक जैसे उदाहरण सामने आए हैं उनसे ये साफ है कि अगर भाजपा की मांग पर लोकसभा अध्यक्ष विशेष कमेटी बनाकर जांच कराएं और यह कमेटी राहुल पर लगे आरोपों को सही पाती है तो सदन में एक प्रस्ताव पारित करके उनकी सदस्यता खत्म की जा सकती है।भाजपा का लोकसभा में बहुमत है इसलिए यह पार्टी के लिए कठिन काम नहीं है। हालांकि भाजपा के लिए इस मामले को आगे बढ़ाना एक राजनीतिक फैसला होगा। आगे के सवाल में हम इस राजनीतिक फैसले से भाजपा को होने वाले नुकसान और फायदे भी बताएंगे। एक संविधान विशेषज्ञ सुभाष कश्यप का कहना है कि सदन सर्वोच्च है। सदन के पास विशेष कमेटी बनाने और उसके काम करने की शर्तें तय करने का पूरा अधिकार है।वहीं लोकसभा के पूर्व महासचिव पीडीटी आचार्य का कहना है कि सदन एक प्रस्ताव के जरिए कमेटी बना सकती है। ये कमेटी आरोपों की जांच करके सजा की सिफारिश कर सकती है। तो सस्पेंड करने का क्या कानून है के जवाब में बताया जाता है कि संसद और विधानसभा में जानबूझकर हंगामा और कमेंट करने या किसी कार्य में बाधा डालने वाले सांसदों को सस्पेंड किया जा सकता है। लोकसभा की रूल बुक 373 के तहत यदि लोकसभा स्पीकर को ऐसा लगता है कि कोई सांसद लगातार सदन की कार्रवाई बाधित कर रहा है तो वह उसे उस दिन के लिए सदन से बाहर कर सकता है। या बाकी बचे पूरे सेशन के लिए भी सस्पेंड कर सकते हैं। इसी तरह के प्रावधान विधानसभाओं की रूल बुक में भी है।विशेषाधिकार हनन के मामले में सदस्यों को निलंबित किया जा सकता है।



## कविता

### गर हाले दिल न सुना सको जमाने के बीच

गर हाले दिल न सुना सको जमाने के बीच
चलते चलते राहों में पलकें झुखा देना तुम।।

हमसे न मिल सको तो ना मिलो सरे राह,
खूबसूरत दुपटटा हवाओं में लहरा देना तुम ।।

किस्मत में तुमारा दीदार नहीं वक्त से पहले,
अपना तस्सवुर हवाओं में बिखरा देना तुम।।

याद है वो पूरा चाँद और चाँदनी के ख्वाब,
दूब का बिछौना ओश की ओढनी लेहरा लदेना तुम।

राह में मिल जाएँ कहीं काँटे या पत्थर,
अपनी नर्म साँसों से मखमल बना देना तुम।

आती जाती हवाएँ कर जाती है तेरा जिक्र,
इश्क के नगमे हवाओं में फैला देना तुम।।

बेवजह सँवरने में वक्त जाया न किया करो,
रात में रस्कजदा चाँद को मुँह चिड़ा देना तुम।।

होश नहीं रख पाता कोई तुम्हे देखने के बाद.,
ऐसे दीवानों को उम्र कैद की सजा देना तुम।।

संजीव

## मानवता के लिएअनुपम उपहार है सहज योग

**डॉ.अनिल शर्मा 'अनिल'**

सहज योग की प्रवर्तक परम आदरणीय माताजी निर्मला देवी का जन्म २१ मार्च १९२३ को भारतीय राज्य मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में, एक ईसाई परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम प्रसादराव साल्वे तथा माता का नाम कोर्नेलिया साल्वे था। निर्मला देवी के अनुसार उनका परिवार शालिवाहन राजवंश से प्रत्यक्ष रूप से संबंधित था। जन्म के समय उनके निष्कलंक रूप को देखकर उन्हें 'निर्मला' नाम दिया था। बाद के वर्षों में वे अपने अनुयायियों में श्री माताजी निर्मला देवी के नाम से प्रसिद्ध हुईं। उनके मातापिता ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाई थी। उनके पिता के महात्मा गाँधी के साथ नजदीकी संबंध थे। वे स्वयं भी भारत की संविधान सभा के सदस्य थे तथा उन्होंने स्वतंत्र भारत के संविधान को लिखने में मदद की थी। उन्हें १४ भाषाओं का ज्ञान था। उन्होंने कुरान का मराठी भाषा में अनुवाद किया था। निर्मला देवी की माता वो प्रथम भारतीय महिला थीं जिन्हें गणित में स्नातक की ऑनर्स उपाधि प्राप्त हुई थी। माता निर्मला जी का बचपन उनके नागपुर के पैतृक निवास में बीता था। युवा होने पर निर्मला देवी अपने माता पिता के साथ गाँधीजी के आश्रम में रहने लगीं। गांधीजी ने निर्मला देवी के विवेक और पांडित्य को देखकर उन्हें निरंतर प्रोत्साहन दिया। अपने माता पिता के समान निर्मला देवी ने भी स्वतंत्रता संग्राम में हिस्सा लिया और, १९४२ में गांधीजी के असहयोग आन्दोलन में सक्रिय भागीदारी के कारण निर्मला देवी को भी अन्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के साथ जेल जाना पड़ा। माता निर्मला देवी कहती थीं कि उन्हें जन्म से ही मनुष्य के सम्पूर्ण नाड़ी तंत्र का ज्ञान था, साथ ही वो इसके उर्जा केन्द्रों से भी परिचित थीं।

इस सम्पूर्ण ज्ञान को वैज्ञानिक आधार देने तथा वैज्ञानिक शब्दावली के अध्ययन हेतु उन्होंने क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, लुधियाना और बालकराम मेडिकल कॉलेज, लाहौर से आयुर्विज्ञान एवं मनोविज्ञान का अध्ययन किया था।

भारत की स्वतंत्रता प्राप्ति से कुछ समय पहले 1947 में, निर्मला जी ने चंद्रिका प्रसाद श्रीवास्तव नामक एक उच्चपदासीन भारतीय प्रशासनिक अधिकारी से शादी कर ली। चंद्रिका प्रसाद श्रीवास्तव, ने बाद में लाल बहादुर शास्त्री के प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान संयुक्त सचिव के रूप में कार्य किया, उन्हें इंग्लैंड की महारानी द्वारा मानद नाइटहुड भी प्रदान किया गया। निर्मला देवी की दो बेटियां, कल्पना श्रीवास्तव और साधना वर्मा हैं। 1961 में, निर्मला जी ने "यूथ सोसायटी फॉर फिल्म्स" की शुरूआत युवाओं में राष्ट्रीय, सामाजिक और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए की थी। वह केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड की सदस्य भी रहीं।

5 मई 1970 को एक आध्यात्मिक सफलता में श्री माताजी ने समस्त मानव जाति के कल्याण के लिए प्रत्येक मनुष्य के भीतर स्थित नमस्कार आध्यात्मिक ऊर्जा जिसका नाम को कुंडली है के जागरण के लिए एक तकनीक की खोज की तब से श्री माताजी ने दुनिया भर में लाखों लोगों को बिना किसी शुल्क के आत्म साक्षात्कार का भाव और सहज योग ध्यान की शिक्षा प्रदान की है।

## विचार

# शैक्षणिक संस्थानों में बढ़ते आत्महत्या के मामले

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

**बीते** दिनों सरकार ने राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में कहा है कि आईआईटी, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) और भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) में 2018-2023 की अवधि के दौरान आत्महत्या के कुल 61 मामले दर्ज किए गए। आत्महत्या के आधे से अधिक मामले आईआईटी में सामने आए हैं। इसके बाद एनआईटी और आईआईएम का नंबर आता है। शिक्षा राज्य मंत्री सुभाष सरकार के लिखित जवाब के अनुसार, अकादमिक तनाव, पारिवारिक कारण, व्यक्तिगत कारण, मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे आदि आत्महत्या के कुछ कारणों में से हैं। ऐसे में अहम प्रश्न यह है कि छात्र आत्महत्या क्यों करते हैं? क्या दोष हमारी व्यवस्था में है? क्या हमारी शिक्षा प्रणाली ठीक नहीं है? प्रश्न यह भी है कि क्या छात्रों पर परिवार और समाज की ओर से बेहतर प्रदर्शन का दबाव है? क्या अभिभावकों व परिजनों की उम्मीदों और आशाओं के बोझ तले छात्र दब रहे हैं? या फिर समाज का बदला दृष्टिकोण और विचार छात्रों और युवाओं के लिए घातक सिद्ध हो रहा है? लगातार जारी आत्महत्याओं ने प्रमुख संस्थानों में मानसिक स्वास्थ्य और अन्य कारणों की स्थिति पर बहस शुरू कर दी है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड्स ब्यूरो की एक्सीडेंटल डेथ्स एंड सुसाइड इन इंडिया रिपोर्ट 2021 के अनुसार, वर्ष 2020 में 12,526 मौतों से 4.5 फीसदी की वृद्धि के साथ भारत में वर्ष 2021 तक प्रतिदिन 35 से अधिक की औसत से 13,000 से अधिक छात्रों की मृत्यु हुई जिसमें 10,732 आत्महत्याओं में से 864 का कारण ष्परीक्षा में विफलताष थी। वर्ष 1995 के बाद से देश में वर्ष 2021 में आत्महत्या के कारण सबसे अधिक छात्रों की मृत्यु हुई, जबकि पिछले 25 वर्षों में आत्महत्या करने वाले छात्रों का आँकड़ा लगभग 2 लाख है। वर्ष 2017 में 9,905 छात्रों की आत्महत्या के कारण मृत्यु हुई थी, उसके बाद से आत्महत्या से होने वाली छात्रों की मृत्यु में 32.15ः की वृद्धि हुई है। महाराष्ट्र में वर्ष 2021 में 1,834 मामलों के साथ छात्रों की आत्महत्या की संख्या सबसे अधिक थी, इसके बाद मध्य प्रदेश और तमिलनाडु का स्थान था। रिपोर्ट में यह भी दशार्या गया है कि महिला छात्रों की आत्महत्या का प्रतिशत 43.49 प्रतिशत के साथ पांच वर्ष के निचले स्तर पर था, जबकि पुरुष छात्रों की आत्महत्या कुल छात्र आत्महत्याओं का 56.51 प्रतिशत थी। वर्ष 2017 में 4,711 छात्राओं ने आत्महत्या की, जबकि वर्ष 2021 में ऐसी मौतों की संख्या बढ़कर 5,693 हो गई। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार, वर्ष 2014-21 में आईआईटी, एनआईटी, केंद्रीय विश्वविद्यालयों और अन्य केंद्रीय संस्थानों के 122 छात्रों ने आत्महत्या की। 122 में से 68 अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग के थे। इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के जाने-माने केंद्र कोटा, भारत में होने वाली आत्महत्याएं एक बढ़ती हुई चिंता है। जनवरी 2023 तक कोटा में वर्ष 2022 से अब तक 22 छात्रों की मौत हो चुकी है और वर्ष 2011 से लगभग 121 की मौत हो चुकी है। अफसोस की बात है कि 2023 के पहले तीन महीनों में ही आईआईटी में दो छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। जबकि आईआईटी-मद्रास में बीटेक थर्ड ईयर के 20 वर्षीय छात्र वी. वैपु पुष्पक श्री साई बीती 14 मार्च को अपने होस्टल के कमरे में बेहोशी की हालत में पाया गया था और बाद में अस्पताल ले जाने पर उसे मृत घोषित कर दिया था। रिसर्च स्कॉलर स्टीफन सनी 13 फरवरी को अपने हॉस्टल के कमरे में मृत पाए गए थे।

इसी महीने, आईआईटी-बॉम्बे में, 18-वर्षीय दर्शन सोलंकी ने 12 फरवरी को कथित तौर पर एक परिसर की इमारत की सातवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। दर्शन का परिवार जो एक पिछड़े समुदाय से हैं, ने आरोप लगाया था कि उनकी जाति के कारण उन्हें बहिष्कृत किया गया था। जबकि आईआईटी-मद्रास के छात्रों ने कैंपस में दो मौतों के बाद तनाव में काम करने की बात कही है और बेहतर मानसिक स्वास्थ्य के लिए सहायता की मांग की है, दर्शन की मौत ने भारत के कुछ सबसे प्रमुख संस्थानों में जाति-आधारित भेदभाव की व्यापकता के बारे में बातचीत को फिर से शुरू कर दिया है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# तो योगी यूपी के रास्ते ही भाजपा को 2024 में सत्ता सौपेंगे

**आर.के. सिन्हा**

**अगर** सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो अगले साल के शुरूआती के तीन महीनों के दौरान देश में लोकसभा चुनावों की हलचल को महसूस किया जाने लगेगा। सभी दल अपने घोषणापत्र को अंतिम रूप दे रहे होंगे और प्रत्याशियों के नामों पर भी अंतिम विचार चल रहा होगा। फिजाओं में लोकसभा चुनाव का पूरा माहौल बन गया होगा। दरअसल, यह चुनाव आजाद भारत का एक ऐसा चुनाव होगा जब कांग्रेस छोड़ किसी दूसरी विचारधारा की सत्ता की पारी दशकीय सीमा लांघकर एक नई तारीखी लकीर खींच सकती है। इस चुनाव के लिहाज से राज्यों की राजनीति भी गरमा रही है। पर बात करें भाजपा की तो देश के सबसे बड़े सूबे में उसकी निश्चिंतता का आलम कुछ और ही है। वैसे भी दिल्ली के सियासी गलियारों में यह बात शुरू से कही और मानी जाती रही है कि देश की सत्ता का रास्ता राम और कृष्ण के जन्म स्थान उत्तर प्रदेश से होकर ही गुजरता है। इस सूबे की सियासी धाक यह है कि इसने देश को अबतक सबसे ज्यादा प्रधानमंत्री दिए हैं। आज अगर गुजरात से निकलकर देश की राजनीति का ध्रुव बनकर नरेंद्र मोदी उभरे हैं तो वे भी यहीं से दो-दो बार निर्वाचित हुए हैं। देश की सबसे बड़ी पंचायत संसद के निचले सदन यानी लोकसभा के लिए 80 सांसदों को चुनकर भेजने वाले इस सूबे की सियासी अहमियत निर्विवाद है। यहां पर भाजपा का प्रदर्शन लगातार सुधर ही रहा है। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपनी जीत को दोहराया ही नहीं है, वह लगातार विपक्ष की राजनीतिक जमीन को कमजोर भी कर रही है। कभी मंडल औ? कमंडल की राजनीति का गढ़ रहा यह प्रदेश मंदिर का घंटा और सख्त कानून व्यवस्था का डंडा एक साथ बजा रहा है। भगवा आस्था और विकास की नई प्रयोगशाला बनकर उभरा उत्तर प्रदेश आगामी लोकसभा चुनाव में विपक्ष के लिए कड़ी चुनौती पेश करेगा।

उत्तर प्रदेश में विपक्ष तो पहले से ही तार-तार हो चुका दिख रहा है। बेशक, यह समझना दिलचस्प है कि हिंदी पट्टी में विपक्ष की राजनीति का केंद्र रहा उत्तर प्रदेश देश के सबसे चर्चित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में किस तरह भाजपा के अभेद्य किला के तौर पर लगातार मजबूत होता गया है।

## अपनी-अपनी दुनिया

**डॉ. सुरेश कुमार**

**पिता जी** ने फरमान जारी किया कि कल से सभी भोजन की मेज पर मिल बैठकर भोजन करेंगे। अगले दिन माता जी ने भोजन की मेज की खूब साफ-सफाई की। फल-फूल सजा दिए। अचार की बोतलें, बादाम-काजू-किशमिश, पिस्ता, सौंप-सुपारी की तश्तरी अच्छे से सजा दी। जब घर के सभी सदस्यों ने यह देखा तो उनके मुँह में पानी भर आया। जो कोई मेज के पास जाता कुछ बादाम-काजू-पिस्ता मुट्ठी में दबोच लेता। देखते ही देखते मेवा झम्म हो गया। माता जी का क्या है? ज्यादा से ज्यादा डाँट-फटकार सकती हैं, इससे ज्यादा क्या कर सकती हैं। वह अपने में ही बड़बड़ाने लगीं। रात होने को थी। उधर से पिता जी दफ्तर से निकल चुके थे। उधर बेटा बुलेट पर, इधर बिटिया स्कूटी पर घर की ओर कूच कर चुके थे। आज सभी मेज पर मिल बैठकर खाने वाले जो थे! पिता जी के बाद बेटा और बेटे के बाद बिटिया तीनों रात के विश्राम गृह यानी घर पहुँच चुके थे। इतने दिनों से यह विश्राम गृह किसी लॉड्ज से कम थोड़ी न था। पहली बार इसकी किस्मत में घर कहलाने का सुख नसीब होने वाला था। घर में तीन-तीन वाशरूम थे। तीनों वाशरूप में ऐसे घुसे जैसे वह ही उनका स्थाई निवास हो। पिता जी मोबाइल थामे वाट्सप पर, बिटिया इंस्टाग्राम और बेटा स्नैप चैट पर ऐसे जमे मानो उन्हें वाशरूम किसी स्वर्ग सा प्रतीत हो रहा हो। माता जी के चिल्लाने का असर यह हुआ कि उनका गला बैठ गया। जैसे-तैसे तीनों बाहर निकले। तब तक माता जी एक नींद पूरी कर चुकी थीं और दूसरी नींद के लिए ऊँघना भी आरंभ कर चुकी थीं। बिटिया ने कहा कि मुझे भूख नहीं है। मैं दोस्त की बर्थ डे पार्टी में पिज्जा-बर्गर खाकर आयी हूँ। बेटे ने कहा कि मैंने भी केएफएसी में जमकर टंगड़ी कबाब खाया है। दोनों अपने-अपने बेडरूम में घुसे और दरवाजा ऐसे बंद किया जैसे दुश्मन को देखकर कोई बंद करता हो। आज के समय में माता-पिता किशोरावस्था के बच्चों के असली दुश्मन होते हैं। वे कुछ भी कहें उन्हें बुरा ही लगता है। पिता जी ने बड़ी मुश्किल से एक रोटी उठाई होगी कि उन्होंने पत्नी पर झल्लाते हुए कहा कि कोई भला कामकाजी और थकेहारे आदमी को ठंडी रोटी खिलाता है? पत्नी भी कहाँ चुप बैठने वाली थी।



# सेलेना गोमेज

## ने इंस्टाग्राम पर रचा इतिहास, 400 मिलियन फॉलोवर्स वाली पहली महिला बनीं सिंगर

दुनियाभर में मशहूर सिंगर और एक्ट्रेस सेलेना गोमेज (Selena Gomez) ने इतिहास रच दिया है. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर सेलेना के अब 400 मिलियन फॉलोवर्स हो गए हैं. इंस्टाग्राम पर इतने फॉलोवर्स पाने वाली वह पहली महिला हैं. इससे पहले इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली महिला काइली जेनर थीं.काइली जेनर के इंस्टाग्राम पर 382 मिलियन फॉलोवर्स हैं. इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली महिला सेलिब्रिटी बनने के बाद सेलेना गोमेज ने उन्होंने सोशल मीडिया से ब्रेक लेने का ऐलान किया है.

**रिलेशनशिप को लेकर सुर्खियों में हैं सेलेना**

सेलेना गोमेज पिछले कुछ दिनों से द चेनस्मोकर्स स्टार ड्रू टैगगार्ट के साथ रिलेशनशिप को लेकर सुर्खियों में छाई हुई हैं. द मिरर ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया कि कपल अपने रिश्ते को दिखाने से डरता नहीं है. सेलेना गोमेज और ड्रू टैगगार्ट को अक्सर साथ में स्पॉट किया जाता है. दोनों डेट नाइट्स पर भी जाते रहते हैं. मिरर डॉट को डॉट यूके को एक सोर्स ने बताया कि कपल अपने रोमांस के शुरुआती चरण में हैं.



**सेलेना गोमेज ने ट्रोल्स को दिया ये जवाब**

कुछ समय पहले गोल्डन ग्लोब अवॉर्डस के लिए रेड कार्पेट पर अपनी उपस्थिति के बाद सेलेना को उनके मोटापे के लिए कुछ लोगों ने ट्रोल किया था. जिसके बाद सिंगर ने ट्रोल्स को जवाब देते हुए स्वीकार किया कि वह थोड़ी मोटी हो गई हैं.

**चाइल्ड एक्ट्रेस के तौर पर शुरू किया करियर**

बताते चलें कि सेलेना गोमेज (Selena Gomez) ने टीवी सीरीज Wizards of Waverly Place में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट काम किया था. इसके बाद वह म्यूजिक की दुनिया में आ गईं और कामयाबी हासिल की. सेलेना के कई चार्ट टॉप एल्बम्स और सिंगल्स रिलीज हो चुके हैं, जिसमें कम एंड गेट इट, गुड फॉर यू और लूज यू लव मी शामिल हैं. एक्ट्रेस और सिंगर के अलावा सेलेना प्रोड्यूसर भी हैं. उनका खुद का एक ब्यूटी ब्रैंड भी है.

# मलाइका अरोड़ा

## से लोग कहते थे- तलाक के बाद न हटाएं खान सरनेम, इसके बड़े फायदे...जानिए एक्ट्रेस ने क्यों लिया ये बड़ा फैसला



मलाइका अरोड़ा बॉलीवुड इंडस्ट्री का जाना माना नाम हैं. एक्ट्रेस की प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा दर्शकों की नजर उनकी पर्सनल लाइफ पर बनी रहती है. यह बात तो सभी जानते हैं कि मलाइका अरोड़ा (Malaika Arora) खान खानदान की बहू रह चुकी हैं. अरबाज खान के साथ उनकी शादी 19 साल तक टिकी रही. लेकिन रिश्ते में आई खटास और खालीपन की वजह से मलाइका अरोड़ा ने अरबाज खान को तलाक देना ही ठीक समझा. मलाइका ने अपनी जिंदगी के लिए एक बड़ा कदम उठाते हुए अरबाज खान को डाइवोर्स दिया और अपने नाम से खान सरनेम हटा दिया. मलाइका अरोड़ा ने हाल ही में दिए गए इंटरव्यू में बताया है कि लोगों ने उन्हें खान सरनेम ना हटाने की भी काफी सलाह दी थी.



मलाइका ने क्यों हटाया था खान सरनेम

मलाइका अरोड़ा ने इंडिया कॉन्क्लेव को दिए गए इंटरव्यू में बताया- मेरे नाम के पीछे खान लगने के बाद मैं मानती हूं कि मुझे जिंदगी में कई फायदे हुए हैं. पर इसका मतलब यह नहीं है कि मैं यह बात भूल जाऊं कि मेरा सरनेम अरोड़ा भी कुछ कम पॉपुलर नहीं है. लेकिन मुझे नहीं लगता सरनेम लगाए रहने से मैं जिंदगी में जो कुछ भी चाहती हूं वह मिल जाएगा. मुझे खुद को प्रूव करने के लिए हर एक दिन कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है. और जब मैंने अपने नाम में से खान सरनेम हटाया तो मैंने बिना किसी रुकावट के अपने नाम के साथ अपना काम शुरू किया.

**मलाइका अरोड़ा आज भी हैं खान खानदान का हिस्सा**

मलाइका अरोड़ा ने इंटरव्यू में आगे कहा- बहुत से लोगों ने मुझे कहा कि मैं अपने नाम से खान सरनेम हटाकर बहुत बड़ी गलती कर रही हूं. उन्होंने कहा कि तुम्हें पता नहीं खान सरनेम का महत्व. मैं आज भी अपनी पुरानी फैमिली से बेहद प्यार करती हूं उनकी बेहद रिस्पेक्ट करती हूं. मेरा एक बेटा है और आज भी मैं उस परिवार से जुड़ी हुई हूं. लेकिन मेरे लिए जरूरी था कि मैं अपने पैरों पर खड़ी रहूं. अपने पुराने सरनेम के साथ जीने पर मुझे लगा कि हां मैं अपने नाम के दम पर जिंदगी में आगे बढ़ना चाहूंगी.

## सारिका के साथ रोमांटिक सीन नहीं करना चाहते थे संजीव कुमार, डायरेक्ट से भी की थी रिक्वेस्ट, हैरतअंगेज है वजह



बॉलीवुड के सबसे प्रतिभाशाली कलाकार रहे संजीव कुमार (Sanjeev Kumar) भले ही हमारे बीच न हो लेकिन अपनी अदाकारी और फिल्मों के जरिए हमेशा लोगों के दिलों में जिंदा रहेंगे. 'खिलौना', 'खामोशी', 'कत्ल' और शोले फिल्मों में अपनी अदाकारी दिखाकर उन्होंने अपना लोहा मनवाया. संजीव कुमार बेहद संजीदा एक्टर थे. वह कॉमिडी और गंभीर दोनों ही तरह के किरदार बखूबी निभा लेते थे. लेकिन रोमांटिक और इंटिमेट सीन करने से वह काफी कतराते थे. यहां हम आपको उनकी एक सुपरहिट फिल्म 'कत्ल' की शूटिंग के दौरान का दिलचस्प किस्सा बता रहे हैं.संजीव कुमार महिलाओं का बहुत सम्मान करते थे. फिल्म कत्ल में संजीव के अपोजिट एक्ट्रेस सारिका (Sarika) थीं. सारिका यंग थीं. संजीव और सारिका के बीच 24 साल का अंतर था. इसलिए उन्होंने सारिका के साथ इंटिमेट सीन शूट करने से मना कर दिया. कथित तौर पर, संजीव ने निर्देशक आर के नैय्यर से कहा कि सारिका उनके लिए एक बेटी की तरह है और उन्हें उनके साथ इंटिमेट सीन शूट नहीं करेंगे.इतना ही नहीं, संजीव कुमार सिर्फ इंटिमेट या रोमांटिक सीन ही नहीं, बल्कि सारिका के साथ पूरी फिल्म करने को लेकर भी आशंकित थे. रिपोर्ट्स के मुताबिक, कई रिक्वेस्ट के बाद संजीव ने उनके साथ काम करने पर सहमति जताई थी. उन्होंने इस फिल्म में बेहद खूबसूरती के साथ अदाकारी दिखाई थी.

**ऐसी थी फिल्म 'कत्ल' की कहानी**

'कत्ल' 24 जनवरी, 1986 को रिलीज हुई थी. फिल्म में संजीव ने राकेश नाम के एक आदमी का किरदार निभाते हैं, जो अपनी पत्नी रोहिणी (सारिका) को बचाने के दौरान अपनी आंखें खो देता है. लेकिन बाद में राकेश को पता चलता है कि रोहिणी का किसी अन्य शख्स के साथ भी संबंध है.

**कत्ल' की डबिंग के दौरान संजीव कुमार को आया हार्ट अटैक**

राकेश बदला लेने की प्लानिंग करता है. राकेश, जो अंधा है, इस हत्या को कैसे अंजाम देता है, 'कत्ल' इसी पर फोकस करती है. 'कत्ल' बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी और संजीव को उनकी अदाकारी के लिए सराहा गया था, लेकिन दुर्भाग्य से, वह इस खुशी का आनंद नहीं ले सके थे. इस फिल्म की डबिंग के दौरान दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया था.

## शाहरुख-गौरी के सामने झूमकर नाचे अहान पांडे, आई एम द बेस्ट पर किया डांस, वायरल हुआ किंग खान का क्यूट रिएक्शन



अनन्या पांडे की कजिन सिस्टर अलाना पांडे की शादी (Alana Panday Wedding) चर्चा में छाई हुई है. अलाना ने भले ही फिल्मों से दूरी बना रखी है, लेकिन सोशल मीडिया पर उनकी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है. इसके अलावा वह अपने सुपर बोल्ड लुक्स के लिए भी अक्सर चर्चा में रहती हैं. बीते दिनों ही अलाना ने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड इवोर मैकक्रे से शादी की, जिसमें कई स्टारकिड्स और स्टार्स के साथ बॉलीवुड के सुपरस्टार शाहरुख खान (Shah Rukh Khan) ने भी वाइफ गौरी खान (Gauri Khan) के साथ शिरकत की. अलाना और इवोर की शादी में खूब धूम धड़ाका और जमकर डांस हुआ.

हाल ही में अलाना की संगीत सेरेमनी से अनन्या का डांस वीडियो सामने आया था, जिसमें वह पापा चंकी पांडे के और भाई अहान पांडे के साथ थिरकती नजर आई थीं. अनन्या ने अलाना की शादी में 'सात समंदर पार' पर जबरदस्त डांस किया और अब उनके भाई अहान का डांस वीडियो वायरल हो रहा है. इस वीडियो में अहान को शाहरुख खान पर फिल्माए सॉन्ग 'आई एम द बेस्ट' पर डांस करते देखा जा सकता है.खास बात तो ये है कि जब अहान इस जबरदस्त गाने पर डांस कर रहे थे, शाहरुख खान और गौरी खान भी वहीं मौजूद थे. अहान को अपने गाने पर नाचते देख किंग खान काफी खुश नजर आए. यही नहीं, इस दौरान शाहरुख और गौरी अहान को चीयर अप करते और ताली बजाते भी दिखे. अलाना के इस वेडिंग वीडियो को सोशल मीडिया यूजर्स के बीच खूब पसंद किया जा रहा है.

वहीं एक अन्य वीडियो में अनन्या और अहान के साथ अलाना पांडे को भी झूमते देखा जा सकता है. इस दौरान अलाना के पति इवोर ने भी उनका साथ दिया. इस बिग फेट वेडिंग के कई वीडियो सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं. इससे पहले इस वेडिंग सेरेमनी से अनन्या पांडे का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें स्टार किड को स्मोकिंग करते देखा गया. इस वीडियो के सामने आते ही अनन्या एक बार फिर ट्रोल्स के निशाने पर आ गईं.

## मिशेल स्टार्क की तूफानी गेंदबाजी, 5 विकेट लेकर तोड़ा मलिंगा का बड़ा रिकॉर्ड

**विशाखापत्तनम।** भारत के खिलाफ विशाखापत्तनम में तीन मैचों की वनडे सीरीज के दूसरे मैच में ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने तूफानी गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट अपने नाम किए। इसी के साथ ही उन्होंने वनडे में बड़ा रिकॉर्ड बनाते हुए लसिथ मलिंगा को पीछे छोड़ दिया है जबकि ब्रेट ली और शाहिद अफरीदी के क्लब में शामिल हो गए हैं। स्टार्क ने 8 ओवर में 53 रन देकर 5 विकेट अपने नाम किए और मलिंगा के वनडे में आठ बार 5 विकेट लेने के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। अब स्टार्क ली और अफरीदी के क्लब में शामिल हो गए हैं जिन्होंने वनडे में 9 बार पांच विकेट लिए हैं। इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर मुथैया मुरलीधरन और पहले स्थान पर वकार यूनिस है जिन्होंने क्रमशः 10 और 13 बार वनडे में पांच विकेट अपने नाम किए हैं।

**वनडे में सर्वाधिक बार 5 विकेट लेने वाले गेंदबाज**

वकार यूनिस:13
मुथैया मुरलीधरन: 10
मिचेल स्टार्क : 9
ब्रेट ली: 9
शाहिद अफरीदी : 9
लसिथ मलिंगा: 8




## लिवरपूल मिडफील्डर लीवा ने दिल की बीमारी के चलते संन्यास लिया

**पोर्तो एलेग्रे।** ब्राजील, लिवरपूल और लाजियो के पूर्व मिडफील्डर 36 वर्षीय लुकास लीवा ने नियमित चिकित्सा परीक्षणों में दिल की बीमारी का पता लगने के बाद फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की। उन्होंने ब्राजील के क्लब ग्रेमियो में संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की। उन्होंने 2005 में इस क्लब से अपने करियर की शुरुआत की थी और यहीं उनका फुटबॉल सफर समाप्त हुआ। लीवा ने 2007 से 2017 के बीच लिवरपूल का प्रतिनिधित्व किया और वह 2012 में इंग्लिश प्रीमियर लीग जीतने वाली टीम का हिस्सा भी रहे थे। वह पांच सीजन के लिये लाजियो में शामिल हुए और 2019 में इटालियन कप जीता। रक्षात्मक मिडफील्डर पिछले साल ग्रेमियो में लौट आये थे। उन्होंने 2007-13 के बीच ब्राज़ील की राष्ट्रीय टीम के लिये भी 24 मैच खेले। लीवा ने यहां संवाददाताओं से कहा, '' मैं जहां चाहता हूं, वहां अपना करियर खत्म कर रहा हूं, लेकिन उस तरह से नहीं जैसा मैंने सोचा था। मुझे बहुत उम्मीद थी कि मैं इसे बदल सकता, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। मेरा स्वास्थ्य मेरे लिये पहले आता है।' ग्रेमियो के डॉक्टर मर्सियो डोर्नेल्स ने कहा कि दिल की तीन महीने पूर्व पहली रिपोर्ट'आने के बाद लीवा ने क्लब में काम करना बंद कर दिया था। हाल के परीक्षणों में उनकी स्थिति में कोई सुधार नहीं दिखायी दिया। उन्होंने कहा, ''हमने कल उनके परीक्षण समाप्त किये। जब हमने उसकी फाइब्रोसिस और उसके आसपास के जोखिमों का मूल्यांकन किया, तो हमने लुकास से कहा कि उन्हें उच्च प्रदर्शन वाली गतिविधियों को जारी नहीं रखना चाहिए।' लीवा ने इंस्टाग्राम पर कहा कि उन्हें नहीं पता कि भविष्य में उनके लिये क्या रखा है, लेकिन लिवरपुल हमेशा उनका घर रहेगा। लीवा ने कहा, ''मैं एक स्कॉउज़र हूं। दुनिया भर के सभी प्रशंसकों को धन्यवाद, मुझे यकीन है कि आप मेरे जीवन के इस नये चरण में मेरे लिए खुश रहेंगे।'

## कार्तिक ने किया सूर्यकुमार का बचाव, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो वनडे में गोल्डन डक का हुए थे शिकार

**विशाखापट्टनम।** अनुभवी भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने पहले 2 वनडे मैचों में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार गोल्डन डक (पहली गेंद पर आउट) पर आउट होने के बाद सूर्यकुमार यादव का समर्थन किया है। ऑस्ट्रेलियाई टीम विशाखापत्तनम में शानदार जीत के साथ मौजूदा तीन मैचों की श्रृंखला में 1-1 से बराबरी पर है। अब सीरीज का अंतिम और निर्णायक मुकाबला चेन्नई में खेला जाएगा। कार्तिक ने कहा, 'सूर्यकुमार यादव की कल्पना करें, मैं उनके लिए महसूस करता हूं, दो पहली गेंदें, मुझे यकीन है कि बहुत से लोग कहेंगे, 'ओह, वह अपने अवसरों का उपयोग नहीं कर रहा है। यह सच नहीं है। पहली गेंद पर आउट होने का मतलब है कि आप सेट होने से पहले ही आउट हो गए। यह किसी के साथ भी हो सकता है।' उन्होंने कहा, 'वह (मिशेल स्टार्क) यकीनन इस समय दुनिया का सबसे अच्छा सफेद गेंद वाला गेंदबाज है। ऐसी गेंदों को पहले आना और सामना करना कठिन है। आप किसी को भी वहां भेजते हैं तो हर बार नहीं लेकिन वे पहली ही गेंद पर आउट हो जाएंगे। हमें उन बल्लेबाजों के लिए कुछ कटौती करने की जरूरत है जो गुणवत्ता वाले बाएं हाथ के बल्लेबाजों को आउट करते हैं। गौर हो कि सूर्यकुमार टी20आई में असाधारण रहे हैं लेकिन वनडे प्रारूप में अपने फॉर्म को दोहराने में असमर्थ रहे हैं।

# वेलिंगटन टेस्ट :न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को एक पारी और 58 रन से हराया, दो मैचों की श्रृंखला 2-0 से जीती

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड ने यहां के बेसिन रिजर्व में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन श्रीलंका को एक पारी और 58 रन से हराकर दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला 2-0 से अपने नाम कर ली। इस मैच में न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी 4 विकेट पर 580 रन बनाकर घोषित कर दी थी, जवाब में श्रीलंका ने अपनी पहली पारी में 164 और दूसरी पारी में फॉलोऑन खेलते हुए 358 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी 4 विकेट पर 580 रन बनाकर की घोषित,विलियमसन और निकोल्स ने लगाया दोहरा शतक इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करनी उतरी न्यूजीलैंड की टीम केन विलियमसन (215) और हेनरी निकोल्स (नाबाद 215) रनों की बदौलत अपनी पहली पारी 4 विकेट पर 580 रन बनाकर घोषित कर दी। इस मैच में श्रीलंका ने टॉस जीतकर न्यूजीलैंड को पहले बल्लेबाजी करने का निमंत्रण दिया। न्यूजीलैंड को टॉम लैथम और डेवोन कॉनवे ने अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 87 रन



जोड़े। 87 के कुल स्कोर पर कासुन रजिथा ने लैथम को प्रभात जयसूर्या के हाथों कैच कराकर न्यूजीलैंड को पहला झटका दिया। लैथम ने 21 रन बनाए।इसके बाद विलियमसन और कॉनवे ने टीम का स्कोर 100 के पार पहुंचाया। 118 के कुल स्कोर पर धनंजय डीसिल्वा ने कॉनवे को आउट कर न्यूजीलैंड को दूसरा झटका दिया। विलियमसन और निकोल्स ने इसके बाद तीसरे विकेट के लिए 363 रनों की साझेदारी की। इस दौरान विलियसन ने अपना दोहरा शतक भी पूरा कर लिया। हालांकि 481 के कुल स्कोर पर विलियमसन को प्रभात जयसूर्या ने आउट कर श्रीलंका को तीसरी सफलता दिलाई। विलियमसन ने 296 गेंदों का सामना किया और 23 चौकों और 2 छक्कों की बदौलत 215 रनों की शानदार दोहरी शतकीय पारी खेली। 530 के कुल स्कोर पर रजिथा ने डेरिल मिचेल (17) को आउट कर न्यूजीलैंड को चौथा झटका दिया। हालांकि इसके बाद निकोल्स और टॉम ब्लंडेल ने कोई और नुकसान नहीं होने दिया। निकोल्स ने जैसे ही अपना दोहरा शतक पूरा किया न्यूजीलैंड के कप्तान टिम साउदी ने पारी घोषित कर दी। निकोल्स 200 और ब्लंडेल 17 रन बनाकर नाबाद लौटे।

# आईपीएल 2023: काइल जैमीसन की जगह सिसंडा मगाला चेन्नई सुपर किंग्स की टीम में शामिल

**मुंबई।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के लिए न्यूजीलैंड के गेंदबाज काइल जैमीसन की जगह दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज सिसंडा मगाला के साथ करार किया है। जैमीसन, जो चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं, को फ्रेंचाइजी ने 1 करोड़ रुपये में खरीदा था।

आईपीएल की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया, उनके स्थानापन्न, मगाला के पास खेल के सबसे छोटे प्रारूप में समृद्ध अनुभव है। हालांकि उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिए सिर्फ 4 टी-20 मैच खेले है, लेकिन उनके पास वर्षों से घरेलू टी-20 मैचों में नियमित रूप से विकेट लेने की क्षमता है। सीएसके ने उन्हें उनके आधार मूल्य 50 लाख रुपये में टीम में शामिल किया है।

मगाला ने उद्घाटन दक्षिण अफ्रीकी घरेलू टी-20 फ्रेंचाइजी लीग एसए20 में सनराइजर्स ईस्टर्न केप के लिए खेला, जिसमें 12 मैचों में



2/22 के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े के साथ उन्होंने 14 विकेट लिए। वह टूर्नामेंट में 8वें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। 32 वर्षीय ने दक्षिण अफ्रीका के लिए पांच वनडे और चार टी20 मैच खेले हैं। जैमीसन, जो पिछले साल जून में इंग्लैंड में न्यूजीलैंड के लिए आखिरी बार टेस्ट सीरीज में खेले थे, उन्हें घर में इंग्लैंड के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए चुने जाने के बाद पीठ में चोट लगी थी। अब उनकी सर्जरी होने वाली है, जो संभवतः उन्हें कम से कम चार महीने के लिए क्रिकेट से बाहर रखेगी। जैमीसन पहले 2021 में केवल एक आईपीएल सीज़न में दिखाई दिए थे, जब रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने उन्हें 15 करोड़ रुपये में खरीदा था, जिससे वह नीलामी में सबसे महंगी विदेशी खिलाड़ियों में से एक बन गए थे। आईपीएल 2023 की शुरुआत 31 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात जायंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच हैवीवेट मुकाबले के साथ होगी। फाइनल 28 मई को अहमदाबाद में खेला जाएगा।

## मुंबई इंडियंस फैमिली की पांचवीं क्रिकेट फ्रेंचाइजी बनी एमआई न्यूयॉर्क, एमएलसी में लेगी हिस्सा

**मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के स्वामित्व वाली मुंबई इंडियंस (एमआई) ने अपनी एमआई फैमिली में पांचवीं क्रिकेट फ्रेंचाइजी - एमआई न्यूयॉर्क को शामिल किया है। एमआई न्यूयॉर्क की टीम सभी कागजी कार्यवाही पूरा करने के बाद मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के उद्घाटन संस्करण में भाग लेगी।

एमआई की एक प्रेस विज्ञप्ति में नीता एम. अंबानी ने कहा, मैं बढ़ते एमआई परिवार में अपनी न्यूयॉर्क फ्रेंचाइजी का स्वागत करने के लिए रोमांचित हूं! अमेरिका में पहली क्रिकेट लीग में हमारे प्रवेश के साथ, मुझे उम्मीद है कि हम मुंबई इंडियंस को निडर और वैश्विक मनोरंजक क्रिकेट ब्रांड के रूप में स्थापित करने में सक्षम हैं। यह एमआई के लिए एक और नई शुरुआत है और मैं आगे की रोमांचक यात्रा के लिए तत्पर हूं। एमआई वनफैमिली, दुनिया भर में क्रिकेट के विस्तार और प्रचार के लिए प्रतिबद्ध है और हर दिन मजबूत होती जा रही है। मुंबई इंडियंस (आईपीएल), एमआई केप टाउन (एसए20), एमआई अमीरात (आईएलटी-20) और मुंबई इंडियंस (महिला प्रीमियर लीग) के बाद तीन अलग-अलग महाद्वीपों, चार अलग-अलग देशों और पांच अलग-अलग लीग में एमआई न्यूयॉर्क पांचवीं फ्रेंचाइजी होगी।




मुंबई इंडियंस सबसे अधिक फॉलो किए जाने वाले वैश्विक क्रिकेट ब्रांडों में से एक है, जिसके दुनिया भर में फैले 50 मिलियन के करीब डिजिटल प्रशंसक हैं, जो अपनी टीमों के वन फैमिली का समर्थन और उत्साह बढ़ा रहे हैं। मेजर लीग क्रिकेट संयुक्त राज्य अमेरिका में पहली पेशेवर ट्वेंटी-20 क्रिकेट चैंपियनशिप होगी। मेजर लीग क्रिकेट का उद्घाटन सत्र 2023 की गर्मियों में शुरू होगा।

# केंद्र सरकार 15 अगस्त तक 1,000 खेलो इंडिया केंद्र खोलने की योजना बना रही है: अनुराग ठाकुर

**नागपुर।** खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि केंद्र सरकार 15 अगस्त तक 1,000 खेलो इंडिया केंद्र खोलने की योजना बना रही है। भंडारा जाते समय ठाकुर ने नागपुर में प्रेस से मुलाकात की और कहा, केंद्र सरकार 15 अगस्त तक 1,000 खेलो इंडिया केंद्र खोलने की योजना बना रही है। हमारा लक्ष्य प्रत्येक जिले में कम से कम एक खेलो इंडिया केंद्र शुरू करना है।

उन्होंने कहा, केंद्र सरकार का ध्यान खेलों को बढ़ावा देने पर है। 2014 में 900 करोड़ का खेल बजट बढ़कर 3,397 करोड़ हो गया। यहां तक कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स (केआईवाईजी) की पंचवर्षीय योजना को और पांच साल के लिए बढ़ा दिया गया है।

जमीनी स्तर पर खेलों को बढ़ावा देने पर ठाकुर ने कहा, सरकार टॉप्स योजना के जरिए देश के एलीट एथलीटों को सब कुछ मुहैया करा रही है। खेलो



इंडिया से मान्यता प्राप्त अकादमियों में, सरकार चयनित खिलाड़ियों के लिए बहुत अधिक खर्च कर रही है, जो ज्यादातर गांवों से हैं और इसका परिणाम दिखाई दे रहा है।

उन्होंने कहा, हाल ही में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स में, कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड टूट गए। खेलो इंडिया के कुछ प्रतिभागी अब राष्ट्रमंडल खेलों और ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, और देश के लिए पदक जीत रहे हैं। ठाकुर ने आगे कहा कि जमीनी स्तर पर खेलों को बढ़ावा देना राज्य सरकारों की बुनियादी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, हमारी जल्द ही विभिन्न राज्य सरकारों के खेल मंत्रियों की बैठक आयोजित करने की योजना है। इस महीने के अंत तक, हम सभी राज्यों के खेल मंत्रियों की बैठक की योजना बना रहे हैं, जहां हर राज्य को ज्ञान साझा करने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा, नागपुर में खसदर क्रीड़ा महोत्सव नितिन गडकरी द्वारा एक बहुत अच्छी पहल है और देश भर के संसदों के कई और सदस्य इसी तरह के जमीनी कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बना रहे हैं। ये सभी पहलें स्थानीय खिलाड़ियों को एक मंच दे रही हैं, जो अंततः आदिवासी खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त करने में मदद करती हैं और उन्हें भारत के लिए सम्मान लाने के लिए प्रेरित करती हैं।

## दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में भारत की करारी हार, ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से हराया

**विशाखापट्टनम।**विशाखापट्टनम में खेले गए दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 10 विकेट से हरा दिया है। मुकाबले में भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 विकेट खोकर 117 रन ही बना सकी। जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने बिना विकेट गंवाए 11 ओवर में 121 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने नाबाद 51 और मिचेल मार्श ने नाबाद 66 रन बनाए। इसी के साथ तीन मैचों की सीरीज में ऑस्ट्रेलिया ने 1-1 से बराबरी कर ली है। सीरीज का तीसरा एवं निर्णायक मुकाबला 22 मार्च को चेन्नई में खेला जाएगा।

इससे पहले मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही। 49 रन के कुल स्कोर तक आधी टीम पवेलियन लौट गई। शुभमन गिल 0, कप्तान रोहित शर्मा 13 रन, सूर्यकुमार यादव 0, केएल राहुल 9 और हार्दिक पांड्या ने 1 रन बनाया। इसके बाद भी टीम के बल्लेबाज संघर्ष करते दिखे और पूरी टीम 26 ओवर तक 117 रन पर ऑलआउट हो गई। विराट कोहली 31 रन, रविन्द्र जडेजा 16 रन, कुलदीप यादव 4 रन, मोहम्मद शमी 0, मोहम्मद सिराज 0 और अक्षर पटेल ने नाबाद 29 रन बनाए।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिचेल स्टार्क ने 5 विकेट, शॉन एबॉट ने तीन और नाथन एलिस ने दो विकेट लिए।

# महिला मुक्केबाजी विश्व चैम्पियनशिप: निकहत जरीन प्री क्वार्टरफाइनल में पहुंची

**नई दिल्ली।** भारत की स्टार मुक्केबाज निकहत जरीन ने यहां अल्जीरिया की बोआलम रोमायसा को हराकर महिला विश्व चैम्पियनशिप के प्री क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। 50 किग्रा स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा कर रही निकहत ने मौजूदा अफ्रीकी चैम्पियन को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से हराकर टूर्नामेंट में दूसरी जीत दर्ज की। दोनों मुक्केबाजों ने सतर्क शुरुआत करते हुए सुरक्षित दूरी बनाये रखी।

पिछले चरण में स्वर्ण पदक जीतने वाली निकहत ने पहला अंक जुटाया। अल्जीरियाई मुक्केबाज को इसके बाद अंक मिला जिसके बाद दोनों मुक्केबाजों ने एक दूसरे को पछाड़ने का प्रयास किया। निकहत ने जहां 'कॉम्बिनेशन' (सभी तरीकों के मुक्के) मुक्के जड़कर अंक जुटाए, वहीं रोमायसा ने भारतीय मुक्केबाज के 'ओपन गार्ड' (गार्ड नीचे करके खेलना)




से फायदा उठाकर कई मुक्के जड़े। पहला राउंड निकहत के पक्ष में रहा और दूसरे में भी उन्होंने रोमायसा को कोई मौका नहीं दिया जो आक्रामक होने की कोशिश कर रही थीं। फिर दोनों आक्रामक होने के बाद एक दूसरे को जकड़े रहीं लेकिन अंत में केडी जाधव स्टेडियम में विजेता बनी निकहत। निकहत ने मुकाबले के बाद कहा, 'आज मेरी रणनीति दबदबा बनाने की थी क्योंकि रोमायसा शीर्ष वरीय मुक्केबाज थीं। वरीयता का फायदा होता है। मुझे भी वरीयता मिली। अगर मैं शीर्ष वरीय को हराती हूं तो इससे 'जजों' पर प्रभाव पड़ता है।'

उन्होंने कहा, 'मैंने उसके मुकाबले देखे हैं। अगर आप उसके करीब से खेलो तो वह काफी हावी हो जाती है। इसलिए मेरा लक्ष्य दूर से ही मुक्के जड़ने का था, हालांकि 'क्लिंचिंग' (एक दूसरे को जकड़ना) हुई।' दिन में एक अन्य मुकाबले में 2022 विश्व चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेता मनीषा मौन (57 किग्रा) अपने अभियान की शुरुआत आस्ट्रेलिया की रहीमी टीना के खिलाफ करेंगी। वर्तमान में हीरो सुपर कप 2023 की तैयारी कर रहा है, जहां वे 11 अप्रैल को केरल में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।

# विकास और परमजीत ने ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के लिए किया क्वालीफाई

**नोमी (जापान))** भारत के 20 किमी पैदल चाल के एथलीट विकास सिंह और परमजीत सिंह बिष्ट ने यहां एशियाई चैंपियनशिप में क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल करके 2024 में होने वाले पेरिस ओलंपिक और 2023 में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया। विकास और परमजीत ने एशियाई 20 किमी पैदल चाल चैंपियनशिप के पुरुष वर्ग में क्रमशः1:20:05 सेकेंड (एक घंटा, 20 मिनट, पांच सेकेंड) और 1:20:08 सेकेंड के साथ दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। चीन के कियान हैफेंग (1:19:09) ने पहला स्थान हासिल किया। पेरिस में 2024 में होने वाले ओलंपिक खेल और हंगरी के बुडापेस्ट में इस साल अगस्त में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाइंग मार्क 1:20:10 है और दोनों भारतीय खिलाड़ियों ने इसे मामूली अंतर से हासिल किया। पिछले महीने राष्ट्रीय चैंपियनशिप में जीत दर्ज करके ओलंपिक और विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने वाले अक्षदीप सिंह ने 1:20:57 का समय निकाला और वह पांचवें स्थान पर रहे।

प्रतियोगिता के नियमों के अनुसार कोई देश आधिकारिक प्रविष्टियों के अलावा ओपन वर्ग में खिलाड़ियों को भेज सकता है लेकिन उनका प्रदर्शन आधिकारिक नहीं माना जाएगा। भारत ने ओपन वर्ग में चार पुरुष और तीन महिला खिलाड़ी भेजे थे। पुरुषों के वर्ग में दो अन्य भारतीय सूरज पंवार और हरदीप ने क्रमशः 1:22:31 और 1:25:38 का समय निकाला।

महिला वर्ग में पिछले महीने राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीतकर ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर चुकी प्रियंका गोस्वामी ने महिलाओं के आधिकारिक प्रवेश वर्ग में 1:32:27 का समय लेकर कांस्य पदक हासिल किया। वह कुल मिलाकर चौथे स्थान पर रहीं।




भारत की मुनीता पजापति और भावना जाट ओपन वर्ग में क्रमशः 1:33:22 और 1:36:20 के साथ बड़े अंतर से ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के क्वालीफाइंग मार्क 1:29:20 से चूक गईं। इस तरह से भारत के अब तक चार एथलीट ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं।

# मिशेल मार्श ने खूब उड़ाए छक्के, भारत की हार के बाद खोला विस्फोटक पारी का राज

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम को दूसरे वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बुरी हार का सामना करना पड़ा है। भारत से मिले 118 रनों के जवाब में मेहमान टीम ने महज 11 ओवर में ही बिना विकेट खोए जीत हासिल कर ली। मिशेल मार्श ने 36 गेंदों में 6 चौके व 6 ही छक्के जमाते हुए 36 गेंदों में नाबाद 66 रन बनाए तो ट्रेविस हेड ने 10 चौके लगाकर 30 गेंदों में 51 रन बनाए। भारत की हार के बाद मार्श ने बयान देते हुए अपनी विस्फोटक पारी का राज खोला।

मार्श ने कहा कि वह पहले धीमा खेलने की सोच रहे थे, लेकिन जैसे ही ट्रेविड हेड ने हाथ खोले तो उन्होंने भी



जल्दी से लक्ष्य का पीछा करने के लिए तेज खेलना शुरू कर दिया।

मार्श ने कहा, 'हमें लक्ष्य का पीछा करने में बहुत मजा आया। जब आप इस तरह के एक छोटे लक्ष्य का पीछा कर रहे हों तो एक अच्छी शुरुआत करना हमेशा अच्छा होता है मुझे लग रहा था कि हेड अपने हाथ खोलेंगे और मैं उनका सहयोग करूंगा, लेकिन अंत में हम दोनों ने हाथ खोले और मज़ा आया।' वहीं ओपनिंग करने के सवाल पर मार्श ने कहा, 'सच कहूं तो मुझे स्विंग खेलने और ऊपर के क्रम में बल्लेबाजी करने में मजा आ रहा है।' वहीं तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क पर उन्होंने कहा, 'वह शानदार रहा है, जब वह गेंदबाजी करता है तो स्लिप में खड़ा होना मुश्किल होता है क्योंकि गेंद किनारा खाकर लगभग 80 मील प्रति घंटे की रफ्तार से आती है। लेकिन उसे इस तरह से गेंदबाजी करते हुए देखना अच्छा है, अब हमारे पास भारत में एक विदेशी सीरीज जीतने का एक सुनहरा मौका है।'

# व्यवस्था परिवर्तन के ऐतिहासिक 100 दिन

#GreenBudget



11 दिसंबर, 2022 को ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी ने सत्ता की बागडोर संभाली। उन्होंने अपने पहले ही दिन दिखा दिया कि विकास, सुशासन और जन कल्याण उनकी प्राथमिकता है। व्यवस्था परिवर्तन के दृढ़इरादों को कार्यान्वित करने के लिये यह सरकार 100 दिनों के 2400 घंटों में जनहित के लिये काम करने में जुटी रही है। परिणाम स्वरूप इन 100 दिनों में ही हिमाचल में युगांतरकारी बदलाव देखने को मिले हैं।

## OPS बहाल

एनपीएस के 1.36 लाख कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना में शामिल।

## सामाजिक सुरक्षा दायरे का विस्तार

7,000 विधवा और एकल नारियों को गृह निर्माण के लिए ₹1.50 लाख।

विधवाओं और दिव्यांगजनों की पेंशन आयु सीमा समाप्त।

## युवाओ को रोज़गार

2023-24 में 30 हज़ार सरकारी नौकरियां।

निजी क्षेत्र में 20 हज़ार करोड़ रुपये के निवेश से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 90 हज़ार युवाओं को रोज़गार।

## मुख्यमंत्री सुख-आश्रय कोष

₹101 CRORE का प्रावधान

लगभग 6000 अनाथ बच्चे बनेगें 'चिल्ड्रन ऑफ स्टेट'।

उनकी उच्च शिक्षा, जेब खर्च, स्वरोज़गार तथा गृह निर्माण के लिए चार बिस्वा भूमि सहित तीन लाख रुपये की सहायता।

वृद्धाश्रमों और अनाथ आश्रमों के आवासियों, निराश्रित महिलाओं एवं मूक-बधिर बच्चों को कपड़े खरीदने के लिए 10-10 हज़ार रुपये।

## हिम गंगा योजना से श्वेत क्रांति

किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए ₹500 करोड़ का प्रावधान।

नए दूध प्रोसेसिंग प्लांट होंगे स्थापित और स्तरोन्नत।

पशु अस्पतालों में 44 मोबाइल वैन सेवा प्रारंभ।

## लोगों को स्वच्छ पेयजल

सभी पेयजल योजनाओं में फिल्टर और यूवी जैसी अत्याधुनिक तकनीकों का होगा उपयोग।

इन योजनाओं के उचित रख-रखाव के लिए विभिन्न श्रेणियों के 5,000 पद भरे जाएंगें।

मनाली, बिलासपुर, पालमपुर, नाहन और करसोग में सीवरेज स्कीमों का होगा निर्माण।

## भ्रष्टाचार मुक्त और जवाबदेह शासन

परीक्षा प्रश्न-पत्र लीक होने के मामले सामने आने पर हि.प्र. कर्मचारी चयन आयोग हमीरपुर भंग।

## मुख्यमंत्री लघु दुकानदार कल्याण योजना

छोटे दुकानदारों को ₹50 हजार तक के ऋण पर 50% अनुदान।

प्रदेश के 75 हजार लघु दुकानदार जैसे दर्जी, नाई, रेहड़ी-फड़ी वाले और किराना दुकान वाले होंगे लाभान्वित।

# सुख की सरकार

## हिमाचल सरकार

## हिमाचल को देश का पहला हरित ऊर्जा राज्य बनाने का संकल्प

By 31st March, 2026

जलविद्युत, हाईड्रोजन और सौर ऊर्जा का दोहन।

सोलर प्रोजेक्ट लगाने के लिए 40% सब्सिडी।

इलेक्ट्रिक बसों, ट्रकों और टैक्सियों की खरीद पर सब्सिडी।

ग्रीन हाइड्रोजन नीति - प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में दो ग्रीन ग्राम पंचायतों को विकसित किया जाएगा।

## पर्यटन विस्तार की दिशा में अभिनव प्रयास

मंडी और कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार के लिए भू-अधिग्रहण प्रक्रिया होगी आरंभ।

सभी ज़िला मुख्यालयों पर हेलीपोर्ट का होगा निर्माण।

एशियन विकास बैंक के ₹1311 करोड़ की लागत से कांगड़ा, हमीरपुर, कुल्लू, शिमला, मंडी सहित अन्य ज़िलों में धरोहर स्थलों का सौंदर्यीकरण और इको-पर्यटन की कार्य योजना।

## निजी निवेश को मिलेगा प्रोत्साहन

नई औद्योगिक नीति और निवेशकों की सुविधा के लिए ब्यूरो ऑफ प्रमोशन।

'एक जिला एक उत्पाद' को प्रोत्साहन देने के लिए यूनिटी मॉल का होगा निर्माण।

स्वयं सहायता समूहों को उत्पादों की बिक्री के लिए 50 हिम-ईरा दुकानें।

युवाओं को 500 चिन्हित बस रूटों पर ई-वाहन चलाने के लिए परमिट होंगे जारी। प्रदेश में 12 बस अड्डों का होगा निर्माण।

## बेहतर और सर्वसुलभ स्वास्थ्य सेवाएं

मेडिकल कॉलेजों में आपातकालीन विभाग को स्तरोन्नत कर इमरजेंसी मेडिसन विभाग होगा स्थापित।

100 करोड़ रुपये से हमीरपुर, नाहन व चम्बा मेडिकल कॉलेजों का निर्माण कार्य होगा पूरा।

सभी विधानसभा क्षेत्रों में एक आदर्श स्वास्थ्य संस्थान होगा विकसित।

## हिमाचल बजट 2023-24 प्रमुख घोषणाएँ

- कांगड़ा पर्यटन राजधानी के रूप में होगा विकसित
- सभी मेडिकल कालेजों में रोबोटिक सर्जरी की सुविधा
- प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में खुलेंगे राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल
- 2.31 लाख महिलाओं को ₹1500 मासिक पेंशन
- युवाओं को रोज़गार देने के लिए मुख्यमंत्री रोज़गार संकल्प योजना
- दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए हिम गंगा योजना
- ₹20 हजार मेधावी छात्राओं को इलेक्ट्रिक स्कूटी खरीदने पर ₹25 हजार सब्सिडी
- 1000 मेगावाट क्षमता वाली जलविद्युत परियोजनाओं को पूरा किया जाएगा
- सभी मेडिकल कालेजों के कैजुअल्टी विभाग को आपातकालीन चिकित्सा विभाग में करेंगे अपग्रेड
- ₹40 हजार नव पात्र व्यक्तियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का मिलेगा लाभ

## कृषि, बागवानी पशुपालन को प्रोत्साहन

मुख्यमंत्री खेत संरक्षण योजना के तहत जालदार बाड़ पर उपदान।

किसानों को ट्रैक्टर 50% और मछली तालाबों के निर्माण पर 80% उपदान।

कृषि, बागवानी और पशुपालन क्षेत्रों में स्टार्ट-अप शुरू करने पर दो प्रतिशत की दर से ऋण।

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर ध्यान

हर विधानसभा क्षेत्र में खुले राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल में अत्याधुनिक तकनीक और उपकरणों की सुविधा उपलब्ध होंगी।

10 हज़ार मेधावी विद्यार्थियों तथा प्राइमरी स्कूलों के 17,510 अध्यापकों को टैबलेट्स।

स्कूलों में 40 हज़ार बच्चों के लिए डैस्क।

## सड़क निर्माण को प्राथमिकता

मुख्यमंत्री सड़क एवं रख-रखाव योजना के तहत 2023-24 में ₹200 करोड़ होंगे खर्च।

चरण-1 और 2 के अन्तर्गत 150 कि. मी. नई सड़कों व 9 पुलों का होगा निर्माण।

200 कि. मी. सड़कों पर क्रॉस ड्रेनेज कार्य तथा 650 कि. मी. सड़कों का उन्नयन।

पीएमजीएसवाई चरण-3 के अन्तर्गत प्रदेश में ₹422 करोड़ की लागत से 440 कि. मी. लम्बी 45 सड़कें स्वीकृत।

नाबार्ड के अन्तर्गत 250 कि. मी. लम्बी नई सड़कों व 27 पुलों का होगा निर्माण।

## मनरेगा श्रमिकों की दिहाड़ी में वृद्धि

मनरेगा दिहाड़ी ₹212 से बढ़ाकर ₹240

प्रदेश में 9 लाख मनरेगा श्रमिक हैं जिनमें 65 फीसदी महिलाएं

जनजातीय क्षेत्रों में दिहाड़ी ₹266 से बढ़ाकर ₹294

जारीकर्ता: सूचना एवं जन संपर्क विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार www.himachalpr.gov.in HimachalPradeshGovtIPRDept diprhimachal dprhp